छठ महापर्व की हार्दिक शुभकामनाएं

# संताल एक्सप्रेस

वर्ष- 08 अंक - 036 दुमका RNI NO. JHABIL/2018/76383 santalexpress20@gmail.com दुमका, 27 अक्टूबर 2025, सोमवार पृष्ठ 08 मूल्य : 2 रुपये

### मन की बात कार्यक्रम में बोले पीएम मोदी

## छठ महापर्व एकता का प्रतीक, इसमें जरूर भाग लें

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को मन की बात कार्यक्रम के 127वें एपिसोड में देशवासियों को संबोधित करते हुए कई अहम मुद्दों पर चर्चा की। कार्यक्रम की शुरुआत में धूमधाम से मनाए जा रहे छठ महापर्व का उल्लेख करते हुए पीएम मोदी ने कहा, कि छठ महापर्व संस्कृति, प्रकृति और समाज के बीच गहरी एकता का प्रतीक है। छठ के घाटों पर समाज का हर वर्ग एक साथ खड़ा होता है, यही भारत की सामाजिक एकता का सबसे सुंदर उदाहरण है।

प्रधानमंत्री मोदी ने देशवासियों से आग्रह किया कि यदि मौका मिले तो छठ उत्सव में जरूर भाग लें, क्योंकि यह पर्व भारत की एकता और लोक आस्था का जीवंत उदाहरण है। कार्यक्रम में पीएम मोदी ने ऑपरेशन सिंदूर का भी विशेष रूप से उल्लेख किया। उन्होंने कहा, इस अभियान ने हर भारतीय को गर्व से भर दिया है। इसी के साथ पीएम मोदी ने कहा, कि इस बार उन इलाकों में भी दीये जले हैं, जहां कभी माओवादी आतंक का अंधेरा छाया रहता था। लोग अब उस आतंक का स्थायी अंत चाहते हैं, जिसने उनके बच्चों के भविष्य को खतरे में डाल दिया था। त्योहारों के मौसम में देश की अर्थव्यवस्था और स्वदेशी वस्तुओं की बढ़ती लोकप्रियता पर भी प्रधानमंत्री ने प्रसन्नता जताई। उन्होंने कहा कि जीएसटी बचत उत्सव के दौरान बाजारों में स्वदेशी सामान की खरीदारी में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। साथ ही, उन्होंने बताया कि लोगों ने उनके खाद्य तेल की खपत में 10 प्रतिशत कमी लाने के आग्रह का सकारात्मक रूप से पालन किया है।

### भारतीय नस्ल के डॉग्स अपनाने की अपील



**अधिक उपयुक्त हैं भारतीय नस्ल के कुत्ते**

प्रधानमंत्री मोदी ने एक बार फिर देशवासियों से भारतीय नस्ल के कुत्तों को अपनाने की अपील की। यहां उन्होंने कहा, कि करीब पांच वर्ष पहले मैंने मन की बात में यह आग्रह किया था कि लोग भारतीय नस्ल के कुत्तों को अपनाएं, क्योंकि ये हमारे परिवेश और परिस्थितियों के अनुरूप अधिक उपयुक्त हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने बताया कि बीएसएफ और सीआरपीएफ जैसी सुरक्षा एजेंसियों ने भी अब अपने दस्तों में भारतीय नस्ल के श्वानों की संख्या बढ़ाई है।

मन की बात कार्यक्रम के अंत में प्रधानमंत्री मोदी ने देशवासियों से कहा कि हम सब मिलकर आत्मनिर्भर भारत की दिशा में हर कदम आगे बढ़ाएं। स्वदेशी अपनाएं, स्थानीय को बढ़ावा दें और देश की संस्कृति, समाज और प्रकृति के संतुलन को बनाए रखें।

## खरना का प्रसाद ग्रहण के साथ शुरू हुआ छठ व्रतियों का महाउपवास

**संताल एक्सप्रेस संवाददाता**

**दुमका।** सूर्योपासना का महापर्व छठ पूजा जिले से लेकर प्रखंडों तक में छठ महापर्व के दूसरे दिन रविवार को खरना का प्रसाद ग्रहण के साथ छठ व्रतियों के 36 घंटे का निर्जला उपवास शुरू किया। खरना का पर्व श्रद्धा और भक्ति के साथ मनाया गया। यह दिन छठ के सबसे महत्वपूर्ण अनुष्ठानों में से एक है, व्रती महिलाएं दिनभर निर्जला उपवास रखकर शाम को विधि-विधान से पूजा-पाठ के बाद गुड़ की खीर और रोटी जैसे पवित्र प्रसाद का भोग लगाई और ग्रहण किया । इसके बाद, वे उगते सूर्य को अर्घ्य देने तक अन्न-जल का पूरी तरह त्याग करती हैं।



### साहिबगंज : छठव्रतियों ने किया खरना पूजन, निर्जला उपवास प्रारंभ



**संताल एक्सप्रेस संवाददाता**

**साहिबगंज ।** नेम निष्ठा का महापर्व छठ के चार दिवसीय अनुष्ठान के दूसरे दिन रविवार को छठ व्रतियों ने नये वस्त्र धारण कर मिट्टी से निर्मित चूल्हा पर आम की लकड़ी से खरना का प्रसाद रसिया,व शुद्ध धी का रोटी बनाकर मां छठ की पूजा-अर्चना की.और पूजन के बाद परिवार के सदस्यों ने खरना का प्रसाद ग्रहण किया. खरना पूजन के साथ ही छठ व्रतियों का 36 घंटे का निर्जला उपवास शुरू हो गयी है

### अगले हफ्ते से पूरे देश में एसआईआर की प्रक्रिया होगी शुरू : चुनाव आयोग

**एजेंसी**

**नई दिल्ली ।** देश में मतदाता सूची की जांच और सुधार की बड़ी कवायद अब शुरू होने जा रही है। केंद्रीय चुनाव आयोग अगले हफ्ते से पूरे देश में वोटर लिस्ट का स्पेशल इंटेंसिव रिविजन (एसआईआर) शुरू करने जा रहा है। इसकी शुरुआत उन राज्यों से होगी, जहां अगले एक साल में विधानसभा चुनाव होने हैं, जिनमें असम, तमिलनाडु, पुडुचेरी, केरल और पश्चिम बंगाल प्रमुख हैं।

हालांकि इस बार चुनाव आयोग के कामकाज पर कई राज्य सरकारों की पैनी निगाह रहेगी। सूत्रों के अनुसार, पश्चिम बंगाल और तमिलनाडु सरकारों ने अपने स्तर पर निगरानी तंत्र तैयार कर लिया है, जो आयोग के बीएलओ (बीएलओ) और रिटर्निंग ऑफिसरों की गतिविधियों पर नजर रखेगा। विपक्षी दलों का आरोप है कि आयोग की निष्पक्षता पर सवाल खड़े हो चुके हैं। केंद्रीय चुनाव आयोग की निष्पक्षता को लेकर एनडीए गठबंधन को छोड़कर अन्य राजनैतिक दलों का चुनाव आयोग पर भरोसा खत्मप्राय हो गया है। सुप्रीम कोर्ट से भी एसआईआर मामले में न्याय के स्थान पर तारीख पर तारीख के खेल ने अन्य विपक्षी दलों को मजबूर कर दिया है। वह चुनाव में रहकर अपनी रक्षा करें। कहा जा रहा है कि चुनाव आयोग को नागरिकता तय करने का अधिकार नहीं है। छह माह से ज्यादा जो भी भारतीय नागरिक जिस किसी राज्य में रह रहा है, उसे वोट डालने का अधिकार है। इस आधार पर राज्यों के राजनीतिक दल सजग हो गए हैं।

### एचआईवी संक्रमित खून चढ़ाने से 5 बच्चे एचआईवी पॉजिटिव

## हाईकोर्ट ने मांगी रिपोर्ट, सीएम के आदेश पर सिविल सर्जन समेत कई अधिकारी सस्पेंड

**संताल एक्सप्रेस संवाददाता**

**पश्चिमी सिंहभूम ।** पश्चिमी सिंहभूम जिले के सदर अस्पताल में थैलेसीमिया पीड़ित बच्चों को संक्रमित खून चढ़ाए जाने का मामला अब भयावह रूप ले चुका है। शनिवार को जांच में चार और बच्चों के एचआईवी पॉजिटिव पाए जाने की पुष्टि हुई, जिससे संक्रमित बच्चों की कुल संख्या बढ़कर पांच हो गई है। अस्पताल में इस खुलासे के बाद मरीजों और परिजनों में भय और आक्रोश का माहौल है। कई लोग अब सदर अस्पताल में रक्त चढ़ाने से कतरा रहे हैं। मरीजों के बीच यह चर्चा का विषय बन गया है कि जब सरकारी



अस्पतालों में ही खून असुरक्षित है, तो आम जनता किस पर भरोसा करे।

थैलेसीमिया से पीड़ित बच्चों को एचआईवी संक्रमित रक्त चढ़ाए जाने की चौंकाने वाली घटना ने राज्यभर में आक्रोश की लहर पैदा कर दी है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने इस गंभीर लापरवाही पर सख्त एक्शन लेते हुए पश्चिमी सिंहभूम जिले के सिविल सर्जन सर्जन डॉ. सुशांतो कुमार माझी सहित संबंधित सभी जिम्मेदार अधिकारियों को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। यह जानकारी रविवार को मुख्यमंत्री ने अपने सोशल मीडिया एक्स के माध्यम से दी है।

मुख्यमंत्री ने स्वास्थ्य विभाग को निर्देश दिया है कि इस पूरे मामले की उच्चस्तरीय जांच कराई जाए और सात दिनों के भीतर विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत की जाए। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की घटनाएं न केवल स्वास्थ्य व्यवस्था की लापरवाही को उजागर करती हैं, बल्कि मानवता के खिलाफ अपराध के समान हैं। सरकार दोषियों को किसी भी सूरत में नहीं छोड़ेगी।

राज्य सरकार ने पीड़ित परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए हर परिवार को दो-दो लाख रुपये की आर्थिक सहायता देने का निर्णय लिया है। साथ ही यह भी घोषणा की गई है कि संक्रमित बच्चों के इलाज, दवा और देखरेख का पूरा खर्च राज्य सरकार वहन करेगी।

सूत्रों के अनुसार, प्रारंभिक जांच में रक्त जांच प्रक्रिया में गंभीर गड़बड़ी की बात सामने आई है। इस घटना के बाद स्वास्थ्य विभाग ने जिले के सभी ब्लड बैंकों और संबंधित संस्थानों की जांच शुरू कर दी है।

### झारखंड के विभिन्न जिलों में कल से भारी बारिश का येलो अलर्ट

**संवाददाता**

**रांची।** झारखंड के विभिन्न जिलों में मंगलवार से कहीं हल्की, तो कहीं भारी बारिश होने की संभावना है। मौसम विभाग ने इसे लेकर येलो अलर्ट जारी किया है। यह जानकारी मौसम विभाग की ओर से रविवार को दी गई।

मौसम विभाग की ओर से झारखंड के जिन इलाकों में बारिश होने की संभावना जताई गई है, उनमें मंगलवार को दक्षिणी पश्चिमी जिले, बुधवार को दक्षिणी और उत्तर-पूर्वी जिले, गुरुवार को पश्चिमी, उत्तरी और राज्य के मध्यवर्ती जिले तथा शुक्रवार को राज्य के उत्तर-पूर्वी जिले शामिल हैं। मौसम विभाग के अनुसार इस दौरान कहीं-कहीं भारी बारिश होने की संभावना है। उपयुक्त जिलों में कहीं-कहीं 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवा चलने की भी संभावना है।

### सोन नदी में डूबने से तीन की मौत

**संवाददाता**

**पलामू ।** पलामू के हुसैनाबाद थाना क्षेत्र के पोखराही गांव के पास रविवार को खरना के दिन सोन नदी में नहाने गए तीन युवक डूब गए। डूबने वालों में बिहार के शेरघाटी निवासी अंकुश पासवान (22), बिहार के इटवा के नवीनगर निवासी आदर्श चंद्रवंशी (22) और पोखराही गांव निवासी रजनीश चंद्रवंशी (23 ) शामिल हैं। स्थानीय गोताखोरों की टीम देर शाम छह बजे तक खोज में जुटी रही, लेकिन अब तक कोई सुराग नहीं मिला है। घटना की सूचना मिलते ही दंगवार ओपी प्रभारी सोनू कुमार सहित पुलिस दल मौके पर पहुंचा। हादसे से पूरे क्षेत्र में मातम छा गया है और पोखराही गांव में सन्नाटा पसरा हुआ है। जानकारी के अनुसार उपरोक्त तीन समेत 8 से 10 युवक सोन नदी में नहाने गए थे। नहाने के दौरान गहरे पानी में चले जाने से लगभग पांच लोग डूबने लगे। उपस्थित अन्य युवकों ने काफी मशक्कत कर दो युवकों को डूबने से बचा लिया, जबकि तीन लोग सोन नदी के तेज धार में बह गए।

## बिहार चुनाव से झामुमो कितना पास, कितना दूर ?

**राज्य और राजनीति**

**चंदन मिश्र**

बिहार विधानसभा चुनाव का प्रचार अब पूरे रौ पर है। अगले महीने नवबंर की छह और 11 तारीख को वोट डाले जाएंगे। बिहार में चुनाव लड़नेवाले राजनीतिक दलों की सेनाएं सज चुकी हैं। सत्तारूढ़ एनडीए और विपक्षी महागठबंधन के छोटे-बड़े नेता चुनाव प्रचार में अपने को पूरी तरह झोंक चुके हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह, बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार सहित भाजपा, जदयू, सहित सहयोगी दलों के सभी नेता पूरे बिहार में धुआंधार प्रचार कर रहे हैं। उधर महागठबंधन के प्रमुख नेता और मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवार तेजस्वी यादव और उनके सहयोगी दलों के नेता भी जगह-जगह चुनावी रैलियां कर रहे हैं। कांग्रेस नेता और लोकसभा में नेता विरोधी दल राहुल गांधी, कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा भी अगले सप्ताह से बिहार में चुनाव प्रचार में जुट जाएंगे। लेकिन महागठबंधन का एक प्रमुख साथी झारखंड मुक्ति मोर्चा के नेता, बिहार चुनाव में नहीं दिखेंगे। झारखंड का प्रमुख सत्ताधारी दल झारखंड मुक्ति मोर्चा के मुखिया और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन तथा उनकी पत्नी और गांडेय की विधायक कल्पना सोरेन के बारे में शुरू में चर्चा थी कि बिहार चुनाव में महागठबंधन की ओर से मुख्य प्रचारकों की सूची में शामिल होंगे। लेकिन महागठबंधन की उपेक्षा के कारण दोनों नेता उधर रुख नहीं करेंगे। झामुमो बिहार के चुनाव से कितना दूर और कितने पास है, यह सवाल बिहार-झारखंड की सियासी गलियारे में पूछा जा रहा है। क्या झामुमो इंडिया महागठबंधन से स्थायी तौर पर नाराज है या यह नाराजगी अस्थायी है? झारखंड में कांग्रेस और राजद न सिर्फ सरकार में शामिल हैं, बल्कि गठबंधन की मुख्य साथी भी हैं। झामुमो हटात कांग्रेस और राजद से संबंध तोड़ नहीं सकता है। राजनीति में ऐसे कठोर निर्णय आनन-फानन में नहीं लिए जाते हैं। वैसे अभी झामुमो प्रमुख हेमंत सोरेन ने इस संबंध में किसी तरह का कोई बयान नहीं दिया है। इस तरह के मामले में पार्टी प्रमुख का बयान ही अंतिम माना जाता है। झामुमो के प्रवक्ताओं ने कहा है कि पार्टी इस राजनीतिक हालात की बाद में समीक्षा करेगी।

बिहार में झामुमो को महागठबंधन ने टिकट बंटवारे में धोखा दे दिया। झामुमो ने अपने लिए छह सीटें मांगी थी, लेकिन महागठबंन के नेताओं ने झामुमो की मांग पर तवज्जो नहीं दिया। झामुमो को एक भी सीट नहीं मिली। बिहार में अनुसूचित जनजाति के लिए दो सीटें आरक्षित हैं। झामुमो को उम्मीद थी कि कम से कम ये आरक्षित सीटें उसे जरूर मिल जायेंगी। लेकिन ये सीटें भी उसके खाते में नहीं गईं। जाहिर है कि झामुमो को बिहार में इस राजनीतिक उपेक्षा का शिकार होना पड़ा और झामुमो ने फिलहाल महागठबंधन की ओर से चुनाव के मुतल्लिक मुंह फेर लिया है। झामुमो फिलहाल बिहार चुनाव में प्रचार के लिए भाग नहीं लेगा। झामुमो के प्रमुख नेता मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और उनकी विधायक पत्नी कल्पना सोरेन का बिहार चुनाव प्रचार में जाने का कोई कार्यक्रम नहीं है। अब कांग्रेस के नेता राहुल गांधी और राजद के नेता तेजस्वी यादव यदि हेमंत सोरेन से चुनाव प्रचार के लिए आग्रह करेंगे तो शायद स्थिति बदले। लेकिन फिलहाल ऐसी कोई संभावना दिखाई नहीं देती है।

झारखंड मुक्ति मोर्चा के लिए बिहार चुनाव में महागठबंधन के साथियों की ओर से उपेक्षा बहुत बड़ा राजनीतिक झटका है। बिहार में आनेवाले दिनों किसकी सरकार बनेगी, यह तो 14 नवंबर को साफ हो जायेगा। लेकिन झारखंड में महागठबंधन सरकार का स्वरूप क्या ऐसा ही रहेगा, यह कहना बहुत जल्दबाजी होगी। झामुमो क्या बिहार चुनाव के बाद झारखंड में महागठबंधन की समीक्षा कर राजद को गठबंधन से बाहर कर देगा, यह सवाल खड़े हो सकते हैं। लेकिन यह इतना आसान नहीं होगा। झामुमो को राजद के चार विधायकों का समर्थन मिल रहा है। राजद को सरकार से बाहर करने का मतलब है कि गठबंधन का स्थायी तौर पर टूटना तय हो जायेगा। बिहार में यदि चुनाव परिणाम महागठबंधन के पक्ष में आएगा तो झामुमो का रवैया ऐसा नहीं रहेगा, जैसा अभी दिखाई दे रहा है। झामुमो नरम रुख अख्तियार करते हुए बिहार में टिकट न मिलने का प्रकरण भूल जायेगा और राजद को फिर से गले लगा लेगा। यदि बिहार चुनाव परिणाम महागठबंधन के पक्ष में नहीं जायेगा तो झामुमो का फैसला राजद के खिलाफ जा सकता है। वैसे अभी सब कुछ भविष्य के गर्त में है। लेकिन बिहार के चुनाव में झामुमो की गैरहाजिरी आनेवाले दिनों में क्या गुल खिलायेगी यह देखना दिलचस्प होगा।



## छठ की पूर्व संध्या पर तालाब में नहाने गई दो बच्चियों की डूबने से मौत

**हजारीबाग ।** केरेडारी थाना क्षेत्र के बेला गांव में छठ पूजा की पूर्व संध्या पर रविवार को तालाब में नहाने गई दो बच्चियों की डूबने से मौत हो गई। इस घटना से पूरे गांव में मातम छा गया है। बताया जाता है कि छठ पर्व की तैयारी के क्रम में दोनों बच्चियां गांव के तालाब में नहाने गई थीं। नहाने के दौरान पैर फिसल जाने से दोनों गहरे पानी में चली गईं और डूबने लगीं। आसपास मौजूद लोगों ने शोर मचाया, जिसके बाद परिजनों को घटना की जानकारी मिली। परिजन तत्काल दोनों बच्चियों को तालाब से निकालकर केरेडारी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए। स्थानीय लोगों का कहना है कि अस्पताल पहुंचने पर वहां डॉक्टर मौजूद नहीं थे, जिसके कारण तत्काल इलाज नहीं हो सका। बाद में परिजनों ने दोनों बच्चियों को बड़कागांव सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया, जहां चिकित्सा प्रभारी डॉ. अविनाश कुमार ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। मृत बच्चियों की पहचान रूपा तिवारी (12), पिता रवि तिवारी और गुनगुन कुमारी (11), पिता अनिल तिवारी, निवासी बेला गांव के रूप में की गई है। परिजनों का कहना है कि अगर केरेडारी अस्पताल में डॉक्टर समय पर मौजूद होते तो दोनों बच्चियों की जान बच सकती थी। उन्होंने अस्पताल प्रशासन की लापरवाही पर गहरा आक्रोश व्यक्त किया है। इस घटना से पूरे बेला गांव में शोक की लहर दौड़ गई है। गांव में छठ की खुशियां मातम में बदल गईं।

## विधायक सरयू राय ने व्रतधारियों के बीच बांटी पूजन सामग्री



**पूर्वी सिंहभूम ।** लोक आस्था का महापर्व छठ पूरे जोश और श्रद्धा के साथ मनाया जा रहा है। शहर के विभिन्न इलाकों में छठ व्रतियों और श्रद्धालुओं के बीच सेवा, सहयोग और सामूहिकता का सुंदर उदाहरण देखने को मिल रहा है। रविवार को जमशेदपुर पूर्वी विधानसभा क्षेत्र के विधायक सरयू राय ने छठ व्रतधारियों के बीच पूजन सामग्री का वितरण कर पर्व की शुरुआत को और भी पावन बना दिया। वितरण कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। विधायक ने प्रत्येक व्रती को सूप, नारियल, कपड़ा, दीप, फल, मिठाई और अर्घ्य की संपूर्ण सामग्री प्रदान की। इस दौरान उन्होंने श्रद्धालुओं से बातचीत की और उनकी तैयारियों की जानकारी ली। सरयू राय ने कहा कि छठ पर्व लोक आस्था, पर्यावरण संरक्षण और सामाजिक एकता का प्रतीक है। उन्होंने उपस्थित लोगों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि छठी मैया से यही प्रार्थना है कि राज्य में सुख, शांति और समृद्धि बनी रहे।

## मंत्री शिल्पी तिर्की बनी बिहार विधानसभा चुनाव में एआईटीसी की ऑब्जर्वर



**रांची ।** बिहार विधानसभा चुनाव में झारखंड की कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की को ऑल इंडिया आदिवासी कांग्रेस (एआईटीसी) की तरफ से ऑब्जर्वर बनाया गया है। इसको लेकर ऑल इंडिया आदिवासी कांग्रेस के अध्यक्ष डॉ विक्रांत भूरिया ने पत्र जारी कर दी है। बिहार चुनाव में ऑब्जर्वर बनाए जाने के बाद कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने रविवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, यूपीए अध्यक्ष सोनिया गांधी, लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी और ऑल इंडिया आदिवासी कांग्रेस के अध्यक्ष डॉ विक्रांत भूरिया के प्रति आभार जताया है। मंत्री ने कहा है कि यह सौभाग्य की बात है कि उन्हें कांग्रेस पार्टी ने जिम्मेवारी सौंपी है। बिहार विधानसभा चुनाव में आदिवासी समाज का एक-एक वोट महागठबंधन के पक्ष में जाए, इसके लिए वो चुनावी समर में अपनी पूरी ताकत झोंकेगी। मंत्री ने कहा है कि कांग्रेस आलाकमान ने जो विश्वास जताया है। इसपर वो खरा उतरने का प्रयास करेंगी।

# भारत दक्षिण एशियाई सीनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप में 20 स्वर्ण पदक जीतकर चैंपियन बना




**संवाददाता**

**रांची ।** झारखंड की राजधानी रांची के मोरहाबादी फुटबॉल स्टेडियम में आयोजित चौथी दक्षिण एशियाई सीनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2025 में भारत ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कुल 20 स्वर्ण पदक समेत कुल 58 पदक जीतकर चैंपियनशिप का खिताब अपने नाम किया।

यह प्रतियोगिता 24 से 26 अक्टूबर तक बिरसा मुंडा स्टेडियम, रांची में आयोजित हुई।श्रीलंका ने प्रभावशाली प्रदर्शन करते हुए 16 स्वर्ण पदक और कुल 40 पदक जीतकर दूसरा स्थान हासिल किया। नेपाल ने 2 रजत और 4 कांस्य पदक के साथ तीसरा स्थान प्राप्त किया। बांग्लादेश (3 कांस्य), मालदीव (1 कांस्य) और भूटान (कोई पदक नहीं) क्रमशः चौथे, पाँचवें और छठे स्थान पर रहे।

# बच्चों को एचआईवी संक्रमित रक्त चढ़ाना लापरवाही नहीं, बल्कि राज्य प्रायोजित हत्या का प्रयास हैः बाबूलाल

**संवाददाता**

**रांची ।** झारखंड में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के अध्यक्ष और विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने पश्चिमी सिंहभूम (चाईबासा) के सदर अस्पताल में बच्चों को ह्यूमन इम्यूनोडेफिशिएंसी वायरस (एचआईवी) संक्रमित खून चढ़ाए जाने पर कड़ी प्रतिक्रिया दी। मरांडी ने रविवार को इसे लापरवाही नहीं, बल्कि राज्य संपोषित हत्या का प्रयास बताया है। बाबूलाल मरांडी ने कहा कि सदर अस्पताल में थैलेसीमिया से



पीड़ित पांच मासूम बच्चों को संक्रमित खून चढ़ाया गया और अब सभी बच्चे एचआईवी पॉजिटिव पाए गए हैं।

अगर इन बच्चों की भविष्य में मृत्य हो जाती है, तो यह सिर्फ़ लापरवाही नहीं, बल्कि राज्य प्रायोजित हत्या कहलायेगी। नेता प्रतिपक्ष ने राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि हेमंत सोरेन जी, यह सवाल सिर्फ़ डॉक्टरों या तकनीशियनों पर नहीं है, बल्कि यह पूरे स्वास्थ्य तंत्र की विफलता और आपकी सरकार की संवेदनहीनता को उजागर करता है। उन्होंने कहा कि डॉक्टरों को निलंबित करना पर्याप्त नहीं है। झारखंड को उसके सबसे अयोग्य और निष्क्रिय स्वास्थ्य मंत्री से मुक्त कीजिए और एक जिम्मेदार, संवेदनशील मंत्री दीजिए।

उन्होंने कहा बच्चों की ज़िंदगी के साथ हुआ यह खिलवाड़ माफ़ी से नहीं, जवाबदेही से सुधरेगा।

## रोटी बैंक यूथ क्लब ने छठ व्रतियों में बांटा साड़ी और फल

**संवाददाता**

**धनबाद ।** लोकास्थ के महापर्व छठ के अवसर पर रोटी बैंक यूथ क्लब, धनबाद की ओर से भूली खरीकाबाद बस्ती में व्रतियों के बीच साड़ी एवं फलों का वितरण किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य समाज में भक्ति और सहयोग की भावना को बढ़ावा देना है। कार्यक्रम में विवेक बरनवाल का विशेष योगदान रहा। उनके सहयोग से इस सामाजिक पहल को बड़े स्तर पर आयोजित किया गया। कार्यक्रम में रोटी बैंक यूथ क्लब के सक्रिय सदस्य नीलकमल खवास ,अनिमेश सिंह, धीरज, राहुल सहित कई कार्यकर्ताओं ने सक्रिय रूप से भाग लिया।

इसके साथ ही आयुष फाउंडेशन के



अध्यक्ष गणेश शर्मा, तथा सहदेवा फाउंडेशन के सदस्य आशीष चौहान और उपेंद्र चौहान की उपस्थिति ने कार्यक्रम को और भी प्रेरणादायक बना दिया। रोटी बैंक यूथ क्लब ने घोषणा की है कि इस वर्ष पहले अर्घ्य के दिन विभिन्न घाटों पर 1100 नारियल व्रतियों के बीच वितरित किए जाएंगे, ताकि सभी श्रद्धालु माता छठी मइया की पूजा में पूर्ण भाव से सहभागी हो सकें।

संस्था के अध्यक्ष रवि शेखर ने कहा कि हर वर्ष छठ पर्व पर साड़ी, फल और पूजा सामग्री वितरित की जाती है। यह परंपरा आने वाले वर्षों में और भी विस्तार के साथ जारी रहेगी।

## असर्फी अस्पताल की घटना चिंताजनक : आईएमए

**धनबाद ।** असर्फी अस्पताल में डाक्टरों के साथ मारपीट और इमरजेंसी में तोड़फोड़ की घटना चिंताजनक बात है। इस घटना से डाक्टरों में रोष है। यह सुरक्षा व्यवस्था पर भी सवाल खड़ा करता है। भारतीय चिकित्सा संघ (आईएमए) झारखंड इसकी कड़ी निंदा करता है। आईएमए झारखंड के अध्यक्ष डॉ एके सिंह ने कहा कि यह घटना न केवल चिकित्सकों की सुरक्षा पर प्रश्नचिह्न लगाती है, बल्कि पूरे स्वास्थ्य तंत्र के लिए चिंताजनक है। दोषियों पर तत्काल और कठोर कार्रवाई होनी चाहिए। उन्होंने राज्य सरकार से चिकित्सकों और अस्पतालों की सुरक्षा के लिए ठोस कदम उठाने का आग्रह किया है।

# रांची आए देश-विदेश के एथलीट्स ने साझा की अपने जीवन और संघर्ष की कहानी

**रांची संवाददाता ।** रांची में आयोजित चौथे दक्षिण एशियाई सीनियर एथलेटिक्स चैम्पियनशिप के दौरान जोहार वार्ता ने रविवार को खिलाड़ियों के दिलों की बात को मंच पर लाने का एक सशक्त और संवेदनशील प्रयास किया है। इस विशेष संवाद श्रृंखला में दक्षिण एशिया के विभिन्न देशों से आए एथलीट्स ने न केवल अपने संघर्षों और उपलब्धियों की कहानी सुनाई, बल्कि झारखण्ड में बिताए अपने यादगार अनुभवों को भी साझा किया।



दक्षिण एशियाई सीनियर एथलेटिक्स चैम्पियनशिप की ओर से आयोजित जोहार वार्ता में भारत के समरदीप सिंह गिल ने अपनी यात्रा को याद करते हुए कहा, ÷ मैं क्रिकेट में तेज़ गेंदबाज और पिंच हिटर था। फिटनेस के लिए स्टेडियम जाना शुरू किया और वहीं पहली बार शॉटपुट फेंका और यहीं से नई कहानी शुरू हुई। बीच में चोटें भी आईं, पर परिवार का साथ हमेशा मिला। भारत का ध्वजवाहक बनना मेरे लिए गर्व का क्षण था। समरदीप सिंह गिल ने पुरुष शॉटपुट में नया मीट रिकॉर्ड बनाते हुए स्वर्ण पदक जीता और भारतीय दल के ध्वजवाहक भी रहे। हरियाणा के रोहतक से आईं संजना सिंह ने अपने शुरुआती दिनों को याद करते हुए कहा. मैं बचपन में बहुत शरारती थी, इसलिए माता-पिता ने मुझे खेलों में भेजा, ताकि मेरी ऊर्जा सही दिशा में लगे। मैंने शुरुआत में स्प्रिंट किया, फिर मिडल डिस्टेंस रेस में अपनी पहचान बनाई। मेरी माँ वॉलीबॉल खिलाड़ी थीं, लेकिन उन्हें समर्थन नहीं मिला। उन्होंने कहा कि मैं तुम्हें हर मदद दूंगी, आज वही मेरी ताकत बनीं। संजना सिंह ने 1500 मीटर और 5000 मीटर दोनों में स्वर्ण पदक जीता है। मालदीव की सबहा ने भी अपने अनुभव साझा किए और कहा, ÷ यह प्रतियोगिता 17 साल बाद आयोजित हुई और इसका हिस्सा बनना मेरे लिए बहुत गर्व की बात है। मेरा परिवार गरीब है, खेल ही मेरे जीवन का आधार रहा है। रांची आकर मैं यहां की शानदार व्यवस्थाओं और लोगों की गर्मजोशी से अभिभूत हूं। यह अनुभव मैं कभी नहीं भूलूंगी। श्रीलंका के रनातुंगे रोशन ने कहा, स्प्रिंट आसान नहीं होता, महीनों की मेहनत का परिणाम बस 11-12 सेकंड में तय होता है। श्रीलंका हमेशा से स्प्रिंट में अच्छा रहा है और भारत की प्रगति देखना प्रेरणादायक है।

## बीमार मरीज ने अस्पताल की तीसरी मंजिल से कूदकर दी जान, जांच में जुटी पुलिस

**पश्चिमी सिंहभूम ।** पश्चिमी सिंहभूम जिला मुख्यालय स्थित सदर अस्पताल में रविवार को इलाजरत मरीज ने तीसरी मंजिल से कूदकर अपनी जान दे दी। मृतक की पहचान टोंटो प्रखंड के पूरनापानी गांव निवासी 40 वर्षीय प्रधान होनहागा के रूप में की गई है। घटना मेल वार्ड की बताई जा रही है। अस्पताल सूत्रों के अनुसार प्रधान होनहागा पिछले कई दिनों से बीमार थे और उनका इलाज सदर अस्पताल में चल रहा था। इसी दौरान अचानक उन्होंने अस्पताल की तीसरी मंजिल से छलांग लगा दी। गिरने से उनकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही सदर थाना के सब-इंस्पेक्टर मेघनाथ मंडल पुलिस बल के साथ अस्पताल पहुंचे और पूरे मामले की जांच शुरू की। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। परिजनों को भी घटना की सूचना दे दी गई, जिसके बाद वे अस्पताल पहुंच गए। फिलहाल पुलिस अधिकारी सभी पहलुओं से मामले की जांच कर रहे हैं।

## फायरिंग का खुलासा, अमरीक सिंह हथियार और स्कूटी के साथ गिरफ्तार



**पूर्वी सिंहभूम ।** गोलमुरी थाना क्षेत्र में 24 अक्टूबर की रात हुई फायरिंग की वारदात का पुलिस ने सफलतापूर्वक खुलासा कर दिया है। पुलिस ने इस मामले में टुइलाडूंगरी निवासी अमरीक सिंह उर्फ रिंकू को गिरफ्तार किया है। आरोपित के पास से एक मैगजीन लगी देशी पिस्टल, एक 7.65 एमएम का खोखा और घटना में इस्तेमाल की गई उजले रंग की स्कूटी बरामद की गई है। इस संबंध में रविवार को सिटी एसपी कुमार शिवाशीष ने संवाददाताओं को जानकारी देते हुए बताया कि फायरिंग की घटना रविंद्र सिंह उर्फ रवि खेडा के घर के बाहर हुई थी। घटना की सूचना मिलने के बाद गोलमुरी थाना पुलिस ने इलाके में सघन जांच अभियान चलाया और तकनीकी साक्ष्यों और स्थानीय सूत्रों से मिली जानकारी के आधार पर अगले दिन आरोपित को गिरफ्तार किया। एसपी ने बताया कि अमरीक सिंह का लंबा आपराधिक इतिहास है और वह पहले भी कई मामलों में जेल जा चुका है। उस पर मारपीट, धमकी, ठगी जैसे गंभीर मामले दर्ज हैं। आरोपित इलाके में दहशत फैलाने और पुराने विवादों में फायरिंग करने के लिए कुख्यात माना जाता है। पुलिस ने आरोपित के निशानदेही पर हथियार और स्कूटी दोनों बरामद किए। पुलिस टीम में थाना प्रभारी संजय सुमन, गौरव सिंह, इन्द्रदेव राम, अभय मिंज, सुभाष रजक, अजीत प्रकाश, रफीक आलम, नंदू कुकल, विनय कुमार राम, आरक्षक प्रदीप तियु, अरमान अली और गृह रक्षक धनजी सिंह शामिल थे। एसपी ने कहा कि जमशेदपुर में बढ़ती फायरिंग की घटनाएं कानून व्यवस्था के लिए चुनौतीपूर्ण हैं। ऐसे अपराधियों पर कड़ी कार्रवाई करने के लिए पुलिस सतत निगरानी और सक्रियता बनाए रखेगी ताकि समाज में सुरक्षा और शांति बनी रहे।

## रामावतार पोद्दार के निधन पर मारवाड़ी समाज में शोक की लहर

**रांची ।** अखिल भारतवर्षीय मारवाड़ी सम्मेलन के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष? वरिष्ठ समाजसेवी रामावतार पोद्दार के आकस्मिक निधन पर झारखंड प्रांतीय मारवाड़ी सम्मेलन में शोक की लहर है। सम्मेलन के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने गहरा शोक संवेदना व्यक्त करते हुए दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की है। झारखंड प्रांतीय मारवाड़ी सम्मेलन के प्रांतीय अध्यक्ष सुरेश चंद्र अग्रवाल, महामंत्री विनोद कुमार जैन एवं संयुक्त महामंत्री सह प्रवक्ता संजय सर्राफ ने रविवार को शोक व्यक्त करते करते हुए कहा की स्वर्गीय पोद्दार का निधन अत्यंत दुःखद एवं हृदयविदारक है। उनके निधन से समाज ने एक नेतृत्वकर्ता को खो दिया। रामअवतार पोद्दार ने अपना संपूर्ण जीवन समाज सेवा, संगठन निर्माण और मानवीय मूल्यों का प्रसार करने के लिए समर्पित कर दिया। उनका योगदान न केवल मारवाड़ी समाज, बल्कि संपूर्ण समाज के उत्थान में अविस्मरणीय रहेगा।

## कोलफील्ड गुजराती समाज का नूतनवर्ष स्नेह मिलन समारोह

**धनबाद ।** कोलफील्ड गुजराती समाज की ओर से रविवार को न्यू टाउन हॉल में नूतन वर्ष स्नेह मिलन सह सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। अध्यक्ष रीता चावड़ा सहित अन्य गणमान्य अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। एक दूसरे को नव वर्ष की शुभकामनाएं दी। बड़े बुजुर्गो का आशीर्वाद प्राप्त किया। रीटा चावड़ा ने कहा कि दीपावली के बाद गुजराती समुदाय का नया वर्ष आरंभ होता है। समारोह में गुजराती समुदाय के लोग एकजुट होकर एक साथ नव वर्ष मनाते हैं। सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। बच्चों की आकर्षक प्रस्तुति ने मन मोह लिया। नृत्य नाटिका भी प्रस्तुत की गई। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वालों को पुरुस्कृत किया गया। बाद में समाज के प्रतिनिधियों तथा बोर्ड मेंबर्स को सम्मानित किया गया। आयोजन को सफल बनाने में कोलफिल्ड गुजराती समाज के सभी अधिकारी व गुजराती समाज के लोगों का सराहनी योगदान रहा।

## मुख्यमंत्री ने जलेश्वरी देवी को दी श्रद्धांजलि, ब्रह्म भोज में हुए शामिल



**रांची ।** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन एवं विधायक कल्पना सोरेन रविवार को राज्य समन्वय समिति के सदस्य सह जेएमएम के केंद्रीय महासचिव विनोद पाण्डेय के रांची स्थित हरमू हाउसिंग कॉलोनी के आवास पर पहुंचे। उन्होंने स्वर्गीय जलेश्वरी देवी जी के ÷ब्राह्मण भोज÷ सह ÷कुटुंब भोज÷ में सम्मिलित होकर स्मृति शेष जलेश्वरी देवी जी की तस्वीर पर पुष्प अर्पित करते हुए उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन एवं विधायक श्रीमती कल्पना सोरेन ने श्री विनोद कुमार पाण्डेय तथा उनके परिजनों से मुलाकात कर गहरी संवेदनाएं व्यक्त कीं और ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति तथा परिजनों को इस दुख की घड़ी में धैर्य प्रदान करने की प्रार्थना की।

## महापर्व छठ को लेकर शहर के ट्रैफिक में बदलाव, मालवाहक वाहनों के प्रवेश पर रहेगी रोक



**रांची ।** झारखंड की राजधानी रांची में महापर्व छठ को लेकर 27 और 28 अक्टूबर दो दिनों तक शहर की ट्रैफिक व्यवस्था में बदलाव किया गया है। कांके रोड में राम मंदिर से चांदनी चौक तक एक लेन को फ्री रखा गया है। यहां रस्सी के सहारे रास्ते को दो भागों में बांटा गया है। एक भाग सिर्फ छठ व्रती को चलने के लिए सुरक्षित रखा गया है। वहीं चडरी रोड में भी वाहनों की इंट्री पर रोक लगा दी गई है। मेन रोड की ओर से परिचालन करने वाले वाहन सवार को अल्बर्ट एक्का चौक से तालाब की ओर जाने की अनुमति नहीं होगी। इसके अलावा सर्कुलर रोड से परिचालन करने वाले वाहन सवार को जेल मोड़ से चडरी तालाब की ओर आने-जाने की अनुमति नहीं होगी। इस मार्ग को सिर्फ छठ व्रती के लिए सुरक्षित रखा गया है। वाहनों की इंट्री पर रोक ट्रैफिक एसपी राकेश सिंह ने रविवार को बताया कि बड़ा तालाब के अलावा अन्य सभी तालाब तक पहुंचने वाले छठ व्रतियों की किसी प्रकार की परेशानी न हो, इसका विशेष ध्यान रखा जा रहा है। बड़ा तालाब के चारों तरफ एप्रोच रोड में सुरक्षा के विशेष इंतजाम किए गए हैं। एप्रोच रोड में वाहनों की इंट्री पर रोक लगा दी गई है। ऐसे में किसी भी हाल में तालाब तक वाहन को नहीं ले जाया जा सकता है। एप्रोच रोड से पैदल ही लोग तालाब तक पहुंच सकेंगे। कहां तक जा सकेंगे निजी वाहन मेन रोड से चडरी तालाब की ओर जाने वाले वाहन सवार शहीद चौक तक जा सकेंगे। कचहरी से चडरी तालाब की ओर जाने वाले वाहन सवार जेल मोड़ तक ही जा सकेंगे।

## 25 नदियों के जल से होगा सरदार पटेल का जलाभिषेक

**रांची ।** आगामी इकतीस अक्टूबर को स्वतंत्र भारत के प्रथम गृहमंत्री सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती पर देशभर की नदियों से एकत्रित जल से नई दिल्ली स्थित उनकी प्रतिमा पर जलाभिषेक किया जाएगा। जल संगम से जन संगम कार्यक्रम के तहत यह जलाभिषेक होगा। इसे लेकर प्रमुख 25 नदियों का जल भव्य कार्यक्रम आयोजित कर संग्रह किया जाना है। इसके तहत झारखंड की स्वर्णरेखा नदी से भी जल उठाया जाएगा और इसे अभिषेक के लिए दिल्ली भेजा जाएगा। जल संगम से जन संगम अभियान के तहत होने वाले इस आयोजन को लेकर कल 27 अक्टूबर को चुटिया स्थित सुरेश्वर महादेव मंदिर के समीप स्वर्णरेखा नदी से जल लिया जाना है। संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार के तत्वावधान में आयोजित इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में रक्षा राज्य मंत्री सह रांची के सांसद श्री संजय सेठ मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहेंगे।

## 2 दिसंबर को महारैली को लेकर कुड़मी समन्वय समिति की बैठक

**धनबाद ।** बृहद झारखण्ड कुड़मी समन्वय समिति धनबाद जिला की एक महत्वपूर्ण बैठक रविवार को आठ लेन रोड स्थित बिनोद बिहारी महतो चौक के समीप सम्पन्न हुईं। बैठक की अध्यक्षता आजसू नेता मंटू महतो ने की।बैठक में कुड़मी जाति को जनजाति तथा कुड़माली भाषा को संविधान की आठवीं अनुसूची में शामिल करने की मांग को लेकर आगामी 2 दिसंबर को महारैली को सफल बनाने का निर्णय लिया गया।वक्ताओं ने रैली में 2 लाख कुड़मी जनजाति समाज की भागीदारी सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया।मंटू महतो ने कहा कि एक बार फिर कुड़मी जनजाति समाज को एसटी में शामिल करने तथा कुड़माली भाषा को संविधान की आठवीं अनुसूची में शामिल करने की मांग को लेकर बृहत आंदोलन की तैयारी है। दो दिसंबर की रैली की सफलता को लेकर बैठकों का दौर जारी है।धनबाद के अलावे अन्य जिलों से भी समाज के लोग रैली में शामिल होंगे।आगे 11 जनवरी को भी रांची में रैली बुलाई गई है।बृहत झारखण्ड कुड़मी समन्वय समिति अपने हक अधिकार के लिए अब रुकेगी नहीं आगे दिल्ली में भी वृहत आंदोलन होगा।

## छठ पर्व के बीच धनबाद में बड़ा हादसा, भूस्खलन में एक की मौत, दो घायल

**धनबाद संवाददाता ।** छठ महापर्व के बीच रविवार को धनबाद में एक बड़ा हादसा होने का मामला प्रकाश में आया है। पुटकी थाना क्षेत्र के सिंह नेचुरल आउटसोर्सिंग में रविवार को हुए भूस्खलन में तीन मजदूर मलबे में दब गए। जिसमे से एक मजदूर की मौत हो गई है, जबकि दो मजदूर गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। इस हादसे में दीपक पंडित नामक मजदूर की मौके पर ही मौत हो गई है। जबकि गणेश महतो और किशोर महतो गंभीर रूप से घायल हो गए है। दोनों का इलाज एक निजी नर्सिंग होम में चल रहा है। मृतक केंदुआडीह थाना क्षेत्र स्थित राजपूत बस्ती का निवासी था।स्थानीय भोला सिंह के अनुसार, मृतक दीपक पंडित कंपनी के ऑफिस में कार्यरत था। रविवार की सुबह डीजल टैंकरों में डीजल भरवाने के लिए माइंस गया था। इसी दौरान अचानक ओबी का ढेर धंस गया और तीन मजदूर उसकी चपेट में आ गए। हादसे के बाद क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई। सहकर्मी मजदूरों और स्थानीय लोगों ने आनन-फानन में मलबा हटाकर घायलों को बाहर निकाला, लेकिन दीपक पंडित की मौके पर ही मौत हो चुकी थी। वही घटना के बाद आक्रोशित परिजनों और लोगों ने मृतक का शव कंपनी गेट के सामने रख कर मुआवजा और आश्रित को नियोजन की मांग को लेकर धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया। सूचना मिलते ही पुटकी थाना प्रभारी वकार हुसैन सहित आसपास के कई थानों की

## 28 व 31 अक्तूबर को ट्रेनों के मार्ग में बदलाव

**धनबाद।** दक्षिण पूर्व रेलवे के आद्रा मंडल में रॉलिंग ब्लॉक के कारण कई ट्रेनों के मार्ग व गंतव्य स्थानों में बदलाव किए गए हैं। यह बदलाव 28 व 31 अक्तूबर के लिए किया गया है। रेलवे से मिली जानकारी के अनुसार 28 व 31 अक्तूबर को 13503 वर्दमान-हटिया मेमू एक्सप्रेस गोमो तक ही जाएगी। गोमो से ही ट्रेन लौटेगी। इसी तरह 28 व 31 अक्तूबर को 18019 झाड़ग्राम-धनबाद मेमू एक्सप्रेस बोकारो स्टील सिटी तक ही आएगी। ट्रेन धनबाद नहीं आएगी और वहीं से लौट जाएगी। 27 व 28 अक्तूबर तथा दो नवंबर को धनबाद से खुलने वाली 68088 धनबाद-बांकुड़ा पैसेंजर धनबाद से एक घंटे की देरी से खुलेगी।

## रेनबो ने दी असरानी, सतीश साह एवं पियूष पाण्डेय को श्रद्धांजलि



गोड्डा ः रेनबो म्यूजिकल ग्रुप द्वारा रविवार शाम स्थानीय इंडोर स्टेडियम में एक शोक सभा का आयोजन कर अपने जमाने के मशहूर 84 वर्षीय हास्य अभिनेता गोवर्धन असरानी, सिनेमा एवं दूरदर्शन के प्रसिद्ध हास्य कलाकार स्व. सतीश साह एवं मिले सुर मेरा तुम्हारा तो सुर बने हमारा के रचयिता प्रसिद्ध एडगुरु पियूष पाण्डेय के निधन पर गहरा शोक प्रकट करते हुए की गई। रेनबो के संस्थापक अध्यक्ष सुरजीत झा ने जहां दिवंगत विभूति त्रयी के कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए उनके निधन को कला जगत की बड़ी क्षति बताया वहीं सभा में शामिल रेनबो के संरक्षक सर्वजीत झा ÷अंतेवासी÷ एवं समीर कुमार दुबे, सचिव मनीष कुमार सिंह, उपाध्यक्ष संजीव कुमार झा, अखिल कुमार झा सहित विपिन चंद्र दुबे, अमरेंद्र सिंह बिट्टू, आकाश कुमार, प्रियव्रत परमेश, सुमित कुमार झा, मो. इंतेखाब आलम, एस. एस. झा, शहजाद खान, सदस्य राहुल कुमार, अमन कुमार, फरजेन जहूर, साक्षी मरांडी, एंजेल माही टुडू, अर्पण राज, संगीता कुमारी टुडू, आयुष कुमार महतो, आयुष कुमार लाहा, वली अख्तर आदि ने इन विभूतियों के साथ-साथ जाने- माने सोशल मीडिया इन्फ्लूएंसर आशुतोष आनंद के सेवानिवृत शिक्षक पिता स्व. श्रीकांत शर्मा को दो मिनट की मौन श्रद्धांजलि दी।

## गोड्डा क्रिकेट एकेडमी ने जीसस एंड मेरी स्कूल को 37 रन से किया पराजित

संताल एक्सप्रेस संवाददाता




**गोड्डा ।** जिला क्रिकेट संघ के तत्वाधान में स्थानीय गाँधी मैदान में आयोजित रितेश मेमोरियल स्कूल लीग का उद्घाटन रविवार को पोड़ैयाहाट विधायक प्रदीप यादव के द्वारा बल्लेबाजी कर किया गया। इस अवसर पर संघ के अध्यक्ष एच एम बोदरा, उपाध्यक्ष तनवीर अहमद इरफानी, संयुक्त सचिव डॉक्टर मौसम ठाकुर, दीपक यादव ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया। उद्घाटन से पूर्व सभी के द्वारा जिला क्रिकेट संघ के पूर्व सदस्य स्वर्गीय रितेश मंडल के फोटो पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई। मुख्य अतिथि ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि जिला क्रिकेट संघ आपके लिए अच्छा प्लेटफॉर्म उपलब्ध करा रही है। जिला क्रिकेट संघ कैलेंडर जारी कर सभी टूर्नामेंट का सफलतापूर्वक आयोजन प्रतिवर्ष करती है। उद्घाटन मैच ज्ञान स्थली पब्लिक स्कूल बनाम बिरसा मुंडा पब्लिक स्कूल के बीच खेला गया। ज्ञान स्थली पब्लिक स्कूल ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में सभी विकेट खोकर 121 रन का स्कोर खड़ा किया। अमित कुमार ने 23 रन की पारी खेली। मयंक ने 3 विकेट प्राप्त किया। जवाब में बिरसा मुंडा पब्लिक स्कूल की टीम सिर्फ 72 रन पर ऑल आउट हो गई। मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार मोहम्मद फरहान को जीसस एंड मेरी कॉन्वेंट स्कूल के मालिक अतुल भास्कर के द्वारा दिया गया। इस अवसर पर संघ के सचिव रंजन कुमार, बैडमिंटन संघ के सचिव मोहम्मद अरसी, अजय मंडल, पूर्व क्रिकेटर मुकेश मिश्रा, संजीव कुमार, सनोज कुमार, मुकेश मंडल, राजीव भंडारी, मनीष सिंह, अवधेश कुमार, सुजीत कुमार, अंपायर दिव्यप्रकाश एवं सूरज तथा स्कोरर आकाश कुमार सहित अन्य सदस्य उपस्थित थे।

## प्रतिबंधित मांस मिलने से मचा बवाल, भाजपा जिलाध्यक्ष ने की सख्त कार्रवाई की मांग



जामताड़ा।छठ पूजा जैसे पवित्र पर्व के दौरान कर्माटांड़ बाजार में प्रतिबंधित मांस बिकने की खबर से श्रद्धालुओं में आक्रोश फैल गया। बाजार में प्रसाद और पूजा सामग्री के बीच प्रतिबंधित मांस मिलने की सूचना मिलते ही स्थानीय लोगों ने विरोध जताया।इस घटना पर भाजपा जिलाध्यक्ष सुमित शरण ने तीखी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि, ÷यह न केवल आपत्तिजनक बल्कि एक गंभीर अपराध है। छठ पर्व में जहां लोग जूठा भोजन तक ग्रहण नहीं करते, वहां प्रतिबंधित मांस की बिक्री हिंदू आस्था के साथ सीधा खिलवाड़ है।÷ उन्होंने आरोप लगाया कि ÷कुछ तत्व जानबूझकर हिंदू त्योहारों के समय इस तरह की हरकतें करते हैं ताकि समाज में तनाव फैले।÷शरण ने डीएसपी और थाना प्रभारी से दोषियों के खिलाफ तुरंत कार्रवाई करते हुए गिरफ्तारी की मांग की। प्रशासनिक स्तर पर जांच की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

## छठ पर्व के दूसरे दिन व्रतियों ने किया खरना, गूंज उठा शहर 'छठ मइया के गीतों' से



संताल एक्सप्रेस संवाददाता

जामताड़ा।लोक आस्था के महापर्व छठ पूजा का उल्लास पूरे जिले में चरम पर है। रविवार को पर्व के दूसरे दिन खड़ना की पूजा विधिवत संपन्न हुई। दिनभर व्रतियों ने उपवास रखकर घरों और घाटों की पवित्र सफाई की तथा सायंकाल भगवान को भोग लगाकर खड़ना का प्रसाद ग्रहण किया। इसके बाद 36 घंटे का निर्जला व्रत आरंभ हुआ, जो मंगलवार की सुबह उदीयमान सूर्य को अर्घ्य देने के साथ पूर्ण होगा।जामताड़ा, मिहिजाम, नारायणपुर, करमाटांड़ सहित ग्रामीण इलाकों में श्रद्धालुओं ने पारंपरिक रीति से पूजा की तैयारी की। शाम ढलते ही व्रतियों के घरों से गुड़-चावल की खीर, रोटी और फल का प्रसाद बनकर सुगंध चारों ओर फैल गई। महिलाओं ने साफ-सुथरे वस्त्रों में सजकर छठ मइया की आराधना की और परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की। शहर के प्रमुख छठ घाटों में आज सायंकालीन अर्घ्य दिया जाएगा। प्रशासन की ओर से सफाई, प्रकाश और सुरक्षा की विशेष व्यवस्था की गई है। पुलिस बलों की तैनाती से माहौल पूरी तरह शांतिपूर्ण बना हुआ है।इस अवसर पर छठ गीतों की मधुर ध्वनियाँ माहौल में भक्ति का रंग घोल रही हैं। हर ओर श्रद्धा, स्वच्छता और सामूहिकता की अनोखी मिसाल देखने को मिल रही है, जिससे पूरा जिला ÷जय छठी मइया÷ के जयकारों से गूंज उठा है।

## अल्ताफ अंसारी की पहल से पारिवारिक विवाद सुलझा, ग्रामीणों को मिली विधिक जागरूकता की सीख

मिहिजाम।मिहिजाम थाना क्षेत्र के बेवा ग्राम में चल रहे पारिवारिक विवाद का शांतिपूर्ण समाधान समाजसेवी अल्ताफ अंसारी की पहल से संभव हुआ। उन्होंने दोनों पक्षों के बीच संवाद स्थापित कर आपसी सहमति से विवाद को सुलझाया, जिससे क्षेत्र में सौहार्द का माहौल बना।इस दौरान जिला विधिक सेवा प्राधिकार, जामताड़ा की टीम ने ग्रामीणों को निशुल्क कानूनी सहायता और उसके लाभों की जानकारी दी। टीम ने बताया कि जरूरतमंद व्यक्ति किस तरह विधिक सेवा प्राधिकार से सहायता प्राप्त कर सकते हैं।कार्यक्रम में उपस्थित ग्रामीणों को कानूनी अधिकारों और न्याय तक पहुंच के महत्व के बारे में जागरूक किया गया। अल्ताफ अंसारी ने कहा कि उनका उद्देश्य समाज में शांति, समझदारी और विधिक जागरूकता फैलाना है। ग्रामीणों ने उनके प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे कदम समाज में न्याय और भाईचारे की भावना को मजबूत करते हैं।

# छठ महापर्व को लेकर घाटों में तैयारी पूरी, संध्याकालीन अर्घ्य आज



संताल एक्सप्रेस संवाददाता

गोड्डा ः जिला मुख्यालय सहित सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों में आस्था विश्वास के साथ मनाया जाने वाला चार दिवसीय लोक आस्था का महान पर्व छठ की तैयारी पूरी कर ली गई है। श्रद्धालु संबंधित नदी-तालाब सहित अन्य जलाशय में सोमवार की संध्या अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य अर्पित करेंगे। इसको लेकर जिला मुख्यालय की छठ घाटों को आकर्षक रूप दिया गया है। चार दिवसीय छठ के दूसरे दिन व्रतियों ने खरना के तहत खरना मनाया । इसमें परंपरा के अनुसार व्रतियों ने दूध या ईख के रस का खीर व रसिया का महाप्रसाद बनाकर भगवान को अर्पित किया। इस दौरान विधिवत पूजन व अर्घ्य भी अर्पित किया गया। जबकि तीसरे दिन संबंधित नदी या सरोवर के छठ घाट के जल में खड़ा होकर अस्ताचलगामी व अंतिम दिन मंगलवार को उदीयमान सूर्य को अर्घ्य दिया जायेगा। अर्घ्य देने को लेकर नदी व सरोवर के तट पर मनोरम घाट बनाये जा रहे हैं। ताकि पानी में खड़ा रहकर अर्घ्य दिया जा सके। मुख्यालय स्थित मुलर्स टैंक, शिवपुर तालाब, राजकचहरी तलाब, सरकंडा तालाब, गोढ़ी तलाब, कझिया नदी तट घाट को आकर्षक ढंग से सजाया जा रहा है। छठ व्रत की तैयारी को लेकर एक माह पूर्व से ही सफाई व छठ घाट निर्माण की कवायद चल रही है। इसमें सफाई का अधिक महत्व है। इसलिए हर जगह छठ पर्व में सफाई का एक अभियान चल रहा है। छठ में जहां गंदगी का अंबार सालोंभर रहता है वह स्थान भी मनोरम बन जाता है। इसी से छठ पर्व में श्रद्धा व स्वच्छता परिलक्षित होता है। छठ पूजा को सफल बनाने को लेकर व्रतियों व श्रद्धालुओं द्वारा पूजन सामग्रियों की खरीददारी जारी है।

# कर्माटांड़ बाजार में प्रतिबंधित मांस मिला , 1 गिरफ्तार, 2 आरोपी फरार, होटल सील



कर्माटांड़ थाना क्षेत्र में रविवार को उस समय हड़कंप मच गया जब मुख्य बाजार स्थित विद्यासागर रेलवे स्टेशन के समीप बी-ब्लॉक में संचालित एक होटल से प्रतिबंधित गोमांस बरामद किया गया। ग्रामीणों को इसकी जानकारी मिलते ही मौके पर भारी संख्या में लोग जुट गए और हंगामा शुरू कर दिया। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए करमाटांड़ थाना प्रभारी चंदन कुमार तिवारी तुरंत दल-बल के साथ मौके पर पहुंचे और छापेमारी की। जांच के दौरान होटल से एक हांडी में पकाया गया लगभग 8 किलो मांस तथा 1.80 किलो ग्राम कच्चा मांस बरामद किया गया। तत्पश्चात अंचल अधिकारी चोनाराम हेंब्रम भी घटनास्थल पर पहुंचे और जांच के बाद होटल को तुरंत सील कर दिया गया। पुलिस ने इस मामले में तीन आरोपितों की पहचान मासूम अंसारी (पिता खुसरु मियां), आलम अंसारी (पिता मुबारक अंसारी) और अजहर अंसारी (पिता जुनाव अंसारी) के रूप में की है। इनमें से अजहर अंसारी को मौके पर पुलिस द्वारा गिरफ्तार कर लिया गया है, जबकि अन्य 2 आरोपी फरार हैं। घटना की गंभीरता को देखते हुए एसडीपीओ, सीओ और थाना प्रभारी के नेतृत्व में पुलिस बल मौके पर तैनात है, ताकि स्थिति नियंत्रण में रहे। इधर, स्थानीय लोगों में घटना को लेकर भारी आक्रोश देखा जा रहा है। लोगों ने आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी और सख्त कार्रवाई की मांग की है। मौके पर विश्व हिंदू परिषद प्रखंड अध्यक्ष वासुदेव मंडल, बजरंग दल कार्यकर्ता मुकेश रवानी भाजपा जिला अध्यक्ष सुमित शरण, उपाध्यक्ष मितेश शाह, श्याम सुंदर मंडल रंजीत मंडल,सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे। प्रशासन मामले की जांच में जुटा हुआ है और पूरे घटनाक्रम पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है।

## छठ महापर्व को लेकर खरीददारी का दौर शाम तक रहा जारी



गोड्डा ः छठ पूजा को लेकर व्रतियों व श्रद्धालुओं द्वारा पूजन सामग्रियों की खरीददारी रविवार को देर शाम तक जारी रहा। हाट- बाजारों में पूजन सामग्री सहित छठ व्रत में लगने वाली सभी वस्तुओं की दर्जनों दुकानें सजी हुई है। जहां खरीददारी को लेकर भारी भीड़ लगी हुई है। बाजार में लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। जिला मुख्यालय के नदी घाट, राजकचहरी सरोवर, शिवगंगा सरोवर, मूलर्स टैंक एवं गांधीनगर पोखर की नगर परिषद की ओर से बेहतर सफाई कराई गई है। राजकचहरी घाट, शिवगंगा तालाब व मूलर्स टैंक घाट को दुल्हन की तरह सजाया गया है। यहां भगवान सूर्यदेव की प्रतिमा भी स्थापित की गई है। घाटों पर रोशनी व पूजन सामग्रियों की पुख्ता व्यवस्था की गई है। मूलर्स टैंक पर आतिशबाजी की भी व्यवस्था है। यहां समिति की ओर से दूध का भी वितरण करने की व्यवस्था है। सभी जगह विभिन्न समितियों की ओर से श्रद्धालुओं के लिए विशेष व्यवस्था की गई है। वहीं पुलिस प्रशासन द्वारा भी सभी घाटों पर विशेष चौकसी बरतने की व्यवस्था की गई है। इसके लिए दंडाधिकारी के साथ सशस्त्र बलों की तैनाती की गई है। आम लोगों का कहना है कि तालाबों का पानी बहुत अधिक प्रदूषित हो गया है। इसमें स्नान करके अर्घ्य देना संभव नहीं है। इस प्रदूषित पानी को जिला प्रशासन व स्थानीय लोगों की सहायता से निकालकर प्रदूषण रहित बनाने की जरुरत है। प्रदूषित जल की सफाई में प्रयास नाकाफी रहा जबकि सफाई में बहुत अधिक तत्परता दिखाई गई।

## पूर्व नगर अध्यक्ष ने किया जामताड़ा के छठ घाटों का निरीक्षण

जामताड़ा।लोक आस्था के महापर्व छठ पूजा को लेकर जामताड़ा नगर में तैयारियां अंतिम चरण में हैं। रविवार को पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष वीरेंद्र मंडल ने नगर क्षेत्र के विभिन्न छठ घाटों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।वीरेंद्र मंडल ने बताया कि नगर पंचायत के विशेष अभियान के तहत सभी घाटों की सफाई पूर्ण कर ली गई है। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए चेंजिंग रूम, पेयजल और प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित की जा रही है। उन्होंने कहा कि प्रथम अर्घ्य से पूर्व सभी घाटों पर ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव किया जाएगा।उन्होंने नगर पंचायत कर्मियों, वार्ड पार्षदों और स्थानीय समितियों को धन्यवाद देते हुए नागरिकों से अपील की कि स्वच्छता बनाए रखें और घाटों पर गंदगी न फैलाएं। नगर के चौक-चौराहों की सफाई भी तेज़ी से की जा रही है ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

## घर-घर पहुंचाई पूजन सामग्री

जामताड़ा।लोक आस्था के महापर्व छठ के अवसर पर जामताड़ा नगर में श्रद्धा और भक्ति का अनोखा माहौल है। इसी पावन अवसर पर भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं समाजसेवी तरुण कुमार गुप्ता ने अपनी परंपरागत सेवा भावना को निभाते हुए नगर पंचायत क्षेत्र के श्रद्धालुओं के घर-घर जाकर केले का थान, नारियल और पूजन सामग्री वितरित की।उन्होंने बताया कि यह सेवा कार्य वे पिछले चार वर्षों से निरंतर कर रहे हैं और भविष्य में भी इसे जारी रखेंगे।

## एसपी ने मिहिजाम के घाटों का किया गहन निरीक्षण

मिहिजाम।लोक आस्था के महापर्व छठ को लेकर मिहिजाम में सुरक्षा के व्यापक इंतज़ाम किए जा रहे हैं। इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक राजकुमार मेहता रविवार को मिहिजाम पहुंचे और कांगोई रामनगर स्थित भंडारी तालाब तथा कांगोई लखु साव तालाब का विस्तृत निरीक्षण किया।निरीक्षण के दौरान एसपी ने कहा कि छठ पर्व के दौरान सुरक्षा में कोई लापरवाही नहीं होनी चाहिए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि प्रत्येक घाट पर ट्यूब, सेफ्टी जैकेट, नाव और गोताखोरों की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। समिति सदस्यों ने बताया कि अर्घ्य के समय प्रशिक्षित तैराक पूरे तालाब का भ्रमण करेंगे ताकि श्रद्धालु पूरी सुरक्षा के साथ पूजा कर सकें।लखु साव तालाब में गहराई अधिक पाए जाने पर एसपी ने अंतिम सीढ़ी तक बैरिकेडिंग लगाने का निर्देश दिया। साथ ही नाव की व्यवस्था नहीं मिलने पर उन्होंने थाना प्रभारी विवेकानंद दुबे को तुरंत नाव की उपलब्धता सुनिश्चित करने का आदेश दिया। आदेश का पालन करते हुए थाना प्रभारी ने लादना गांव से फोन पर बात कर नाव पर उपलब्ध कराया गया।एसपी मेहता ने युवाओं को चेताया कि गहरे पानी में जाकर जोखिम भरा प्रदर्शन करने वालों पर सख्त कार्रवाई होगी। उन्होंने सीसीटीवी निगरानी पर विशेष जोर देते हुए श्रद्धालुओं से सतर्कता और संयम बनाए रखने की अपील की। मौके पर विजय भंडारी, कैलाश पंडित सहित कई स्थानीय लोग उपस्थित रहे।

## पं. रणजीत झा मेमोरियल कैरम ः पुरुष वर्ग के खिताब पर सुमित का कब्जा



गोड्डा ः जिला कैरम संघ द्वारा स्थानीय इंडोर स्टेडियम में अंग क्षेत्र के ख्यातिनाम स्वतंत्रता सेनानी, शिक्षाविद एवं समाज सुधारक पंडित रणजीत झा के जन्मशती के अवसर पर आयोजित तीन दिवसीय ÷पंडित रणजीत झा मेमोरियल 18वीं जिला कैरम प्रतियोगिता÷ के तीसरे और अंतिम दिन रविवार को पुरुष वर्ग के एकल खिताब पर सुमित कुमार झा ने कब्जा जमाया। मो. शहजाद खान उपविजेता रहे जबकि मो. इंतेखाब आलम ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। दूसरी तरफ युगल स्पर्धा का खिताब इंतेखाब आलम एवं मो. शहजाद की जोड़ी ने मनीष सिंह एवं सुमित झा की जोड़ी को पराजित कर अपने नाम किया। विजेता, उपविजेता एवं तीसरे स्थान पर रहे खिलाड़ियों को ज्ञानस्थली पब्लिक स्कूल के निदेशक एवं लोक मंच सचिव सह स्व. झा के तृतीय सुपुत्र सर्वजीत झा ÷अंतेवासी÷ ने ट्राफी प्रदान कर पुरस्कृत किया। पुरस्कार वितरण समारोह का संचालन संघ के सचिव, स्व. झा के पंचम पुत्र एवं इंटरनेशनल अंपायर सुरजीत झा ने किया। प्रतियोगिता के सफल संचालन में बोर्ड अंपायर राहुल कुमार, अमन कुमार एवं जीत सिंह की भूमिका सराहनीय रही। इस अवसर पर संघ के उपाध्यक्ष संजीव कुमार झा, अखिल कुमार झा एवं विपिन चंद्र दुबे, संयुक्त सचिव अमरेंद्र सिंह बिट्टू एवं आकाश कुमार, कबड्डी के एनआईएस कोच प्रियव्रत परमेश एवं ज्ञानस्थली के शिक्षक एस. एस. झा उपस्थित थे। धन्यवाद ज्ञापन संघ के कोषाध्यक्ष मनीष कुमार सिंह ने किया।

## छठ व्रतियों ने श्रद्धा के साथ किया खरना पूजन



ठाकुरगंगटी ः प्रखंड क्षेत्र के कजरेल, मोरडीहा, चपरी, खंधार, बनियाडीह, बिहारी, चांदा, खरखोदिया, दिग्घी, भगैया, माल मंडरो, तेतरिया माल, झखरा आदि गांवों की छठ व्रतियों ने रविवार की संध्या खरना का प्रसाद तैयार किया। विगत वर्षों की तरह इस वर्ष भी नेम, निष्ठा, आस्था, विश्वास, भक्ति, भावना, हर्षोल्लास के साथ प्रसाद बनाकर भगवान सूर्यदेव और अपने कुलदेवी देवताओं को भोग लगाकर पूजा अर्चना किया। इस अवसर पर सबों के घरों में परिवार के सभी सदस्यों, सगे संबंधियों और दूसरे प्रदेशों में रहने वाले अपनों का भी आगमन हो चुका है। सभी के मन में इस छठ महापर्व को लेकर भारी आस्था, विश्वास उमड़ा हुआ है। सभी गांवों में श्रद्धालुओं को रविवार को पूरे दिन रणजी हाट, देवघर चौक हाट, माल मंडरो, भगैया, ठाकुर गंगटी चौक आदि हाटों, चौक, बाजारों में महापर्व छठ से संबंधित पूजन आदि सामग्री की खरीदारी करते देखा गया। हजारों श्रद्धालुओं ने आवश्यकता के अनुसार सभी पूजन आदि सामग्रियों की खरीदारी किया। सोमवार की संध्या को प्रथम अर्घ्य और मंगलवार को सुबह द्वितीय अर्घ्य भगवान भास्कर सूर्य देव को दिया जाएगा। खंधार और कजरेल छठ घाट पर छठ पूजा समिति और ग्रामीणों के सहयोग से विगत वर्षों की तरह ही भगवान सूर्य देव, छठ माता आदि देवी देवताओं की प्रतिमा का निर्माण कराया गया है। खंधार छठ घाट पर प्रत्येक वर्षों छठ पूजा समिति और ग्रामीणों द्वारा चक्के ट्यूब वाला जुगाड़ नव का निर्माण सुरक्षा की दृष्टिकोण से किया जाता है। प्रखंड क्षेत्र के तमाम श्रद्धालुओं में महापर्व छठ पूजा को लेकर काफी हर्षोल्लास देखा जा रहा है।

## कुरआन की तिलावत और दुआ के साथ मदरसे का हुआ उद्घाटन



बोआरीजोर ः प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत कुशबिल्ला गाँव में एक नए मदरसे का विधिवत उद्घाटन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ कुरआन की तिलावत और दुआ से हुआ। इस उद्घाटन समारोह में जिले से कई मौलाना साहब, सामाजिक कार्यकर्ता और ग्रामीण बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। वहीं बताया गया कि ग्रामीणों के आपसी सहयोग और प्रयास से यह मदरसा स्थापित किया गया है। इस मदरसे में बच्चों को धार्मिक शिक्षा देने के साथ-साथ बुनियादी शिक्षा भी दी जाएगी। शिक्षकों को ग्रामीणों के सहयोग से मानदेय प्रदान किया जाएगा ताकि शिक्षा व्यवस्था नियमित और सुदृढ़ बनी रहे। वहीं कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि मदरसा शिक्षा समाज के नैतिक और आध्यात्मिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। उन्होंने बच्चों को शिक्षा के साथ संस्कार देने की आवश्यकता पर बल दिया। कार्यक्रम में उपस्थित सभी ने मिलकर मदरसे की सफलता और प्रगति के लिए दुआ की। ग्रामीणों ने कहा कि इस मदरसे की स्थापना से क्षेत्र के बच्चों को धार्मिक शिक्षा प्राप्त करने में आसानी होगी और गाँव में शिक्षा का वातावरण और बेहतर बनेगा। कार्यक्रम के अंत में मिठाई वितरण किया गया और उपस्थित लोगों ने मिलकर मदरसे के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। मौके पर अब्दुल अंसारी, अखूतर अंसारी, मोहसिन अंसारी, सरफराज अंसारी, अनवर अंसारी, आलम अंसारी, मोकीम अंसारी सहित कई सम्मानित ग्रामीण और आसपास के क्षेत्रों से आए मौलाना साहब मौजूद रहे।

## यूथ इलेवन क्रिकेट क्लब व्रतियों के लिए छठ घाटों पर करा रही है व्यवस्था



मेहरमा ः आगामी छठ पर्व के अवसर पर यूथ इलेवन क्रिकेट क्लब पत्तिचक-पिरोजपुर की ओर से क्षेत्र के विभिन्न छठ घाटों पर बिजली की व्यवस्था, बैरिकेडिंग व सफाई कराकर भव्य तैयारियाँ की गई। वहीं क्लब के सदस्यों ने बताया कि इस पहल का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि छठ व्रती महिलाएं और श्रद्धालु बिना किसी परेशानी के पूजा-अर्चना कर सकें। आज सायंकाल भगवान भास्कर को अस्ताचलगामी अर्घ्य अर्पित किया जाएगा। घाटों पर श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए सुरक्षा व स्वच्छता पर विशेष ध्यान दिया गया है। क्लब के युवाओं की इस सामाजिक पहल की स्थानीय लोगों ने सराहना की है और कहा है कि ऐसे प्रयासों से सामुदायिक एकता और सेवा भाव को नई दिशा मिलती है।

## बाइक और टोटो की टक्कर में बाइक चालक घायल

गोड्डा ः पीरपैंती- गोड्डा मुख्य मार्ग (एनएच-133) पर घोरीचक के समीप रविवार को एक सड़क हादसे में बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। वहीं घटना के संबंध में बताया गया कि मोटरसाइकिल और टोटो के बीच आमने-सामने की जोरदार टक्कर हुई, जिसमें मोटरसाइकिल सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद आसपास के लोगों में अफरा-तफरी मच गई। मौके पर पहुंचे परसा गांव के समाजसेवी निरंजन यादव ने मानवीय पहल दिखाते हुए घायल युवक को अपनी निजी गाड़ी से तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मेहरमा पहुंचाया। वहां चिकित्सकों की देखरेख में उसका इलाज जारी है। सूत्रों के अनुसार, यह घटना बलबड्डा थाना क्षेत्र के अंतर्गत हुई है। स्थानीय लोगों ने बताया कि राष्ट्रीय राजमार्ग 133 मार्ग पर आए दिन तेज रफ्तार वाहनों के कारण हादसे होते रहते हैं, लेकिन प्रशासन द्वारा गति नियंत्रण को लेकर कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। मिली जानकारी के अनुसार, गंभीर रूप से घायल युवक की अभी तक पहचान नहीं हो पाई है। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घटना की जांच शुरू कर दी है। और टोटो चालक की तलाश जारी है। लगातार हो रही घटना पर रोक लगाने को लेकर स्थानीय लोगों ने प्रशासन से आग्रह किया है कि इस मार्ग पर स्पीड ब्रेकर एवं यातायात पुलिस की नियमित तैनाती की जाए। ताकि भविष्य में ऐसे हादसों पर रोक लगाई जा सके।

# छठ की रौनक मधुपुर के बाज़ारों मे, फलों और सूप-दौरा की रिकॉर्ड तोड़ बिक्री







**संताल एक्सप्रेस संवाददाता**

**मधुपुर ।** आस्था और लोक संस्कृति के महापर्व छठ पूजा को लेकर रविवार को मधुपुर के बाज़ार पूरी तरह से छठमय हो गए। नहाय-खाय के साथ चार दिवसीय इस पर्व की शुरुआत होते ही, शहर के प्रमुख बाज़ारों गांधी चौक, साह मार्केट, सब्जी बाजार और हटिया रोड में खरीदारों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी, जिससे उत्सव का माहौल अपने चरम पर पहुँच गया।

**खरीदारी का ज़ोर और बढ़ी कीमतें**

सुबह से देर शाम तक बाज़ारों में जबरदस्त चहल-पहल देखी गई। छठ पूजा की आवश्यक सामग्री जैसे केले, नारियल, शरीफा, सेब, गन्ना, और मूली जैसे मौसमी फलों की मांग में जबरदस्त उछाल आया। मांग में भारी वृद्धि के कारण फलों के दामों में भी मामूली तेज़ी दर्ज की गई, लेकिन आस्था के सामने महंगाई फीकी पड़ गई। व्रती महिलाएं और पुरुष पूरी श्रद्धा के साथ पूजा सामग्री की खरीदारी में व्यस्त रहे।

**कारीगरों के चेहरे पर रौनक**

बांस से बने सूप, दौरा, दौरी और टोकरी की दुकानों पर भी ग्राहकों की लंबी कतारें लगी रहीं। स्थानीय कारीगरों ने बताया कि छठ पर्व उनके लिए साल भर की मेहनत का फल लाता है, और इस बार बिक्री पिछले वर्षों के मुकाबले रिकॉर्ड तोड़ रही है। पूजा के पारंपरिक वस्त्रों और अन्य पूजन सामग्री की दुकानों पर भी अच्छी भीड़ देखने को मिली।

**जाम और उत्साह का संगम**

खरीदारों की भारी भीड़ के कारण कई मुख्य बाज़ारों में जाम की स्थिति भी बनी रही। यातायात पुलिस को व्यवस्था बनाए रखने के लिए कड़ी मशक्कत करनी पड़ी। नागरिकों का कहना है कि यह भीड़ केवल खरीदारी की नहीं, बल्कि छठ पर्व के प्रति उनकी गहरी आस्था और उत्साह का प्रतीक है।

बाज़ारों में शाम होते-होते सजी-धजी दुकानों, रोशनी और लोगों के उत्साह ने पूरे शहर को एक विशेष रौनक से भर दिया। घाटों की सफाई और सजावट चल रही है, जो मधुपुर की सांस्कृतिक पहचान को और मजबूत कर रही है। छठ के इस अभूतपूर्व उत्साह ने यह साबित कर दिया है कि यह पर्व मधुपुर के जनजीवन का अभिन्न अंग है।

## छठव्रतियों ने ग्रहण किया खरना महाप्रसाद



**देवघर।** छठ महापर्व के दौरान श्रद्धालुओं ने आस्था और भक्ति के साथ रविवार की संध्या को खरना का प्रसाद ग्रहण किया। व्रती नियमपूर्वक पूजा-अर्चना करने के बाद सूर्य उपासना कर खरना का प्रसाद ग्रहण करते हैं, जिसे पारंपरिक रूप से गुड़, ठेकुआ, चावल की खीर, नारियल और मौसमी फलों से तैयार किया जाता है।खरना प्रसाद ग्रहण करने के पश्चात व्रतियों ने इसे परिजनों और अन्य श्रद्धालुओं में बांटा, जिससे पूरे क्षेत्र का वातावरण भक्तिमय बन गया।

## सात दिवसीय योग प्रशिक्षण शिविर संपन्न



**देवघर संताल एक्सप्रेस ।** देवीपुर प्रखंड के हारोडीह मैदान में पतंजलि योग समिति की ओर से योग शिक्षक राजेश कुमार गोस्वामी के नेतृत्व में आयोजित सात दिवसीय निःशुल्क योग प्रशिक्षण शिविर का समापन हुआ। अंतिम दिन कार्यक्रम में भारत स्वाभिमान के राज्य कार्यकारिणी सदस्य अनुज कुमार त्यागी, जिला योग विस्तारक हरेंद्र कुमार और योग गुरु शंभू कुमार बरनवाल को मुखिया प्रतिनिधि द्वारा शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। ग्रामीणों के आग्रह पर पदाधिकारियों ने नियमित योग कक्षा संचालन की जिम्मेदारी अजय राय, डॉ. हरिहर मंडल, ओमप्रकाश यादव, मनोज राय, संजय यादव, सुरेंद्र यादव, पंकज यादव और प्रकाश रामानी को सौंपी। हरेंद्र कुमार ने संगीतमय योग सत्र के माध्यम से उपस्थित साधकों को योगमय वातावरण में प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि नियमित योग से तनाव दूर होता है, शरीर स्वस्थ रहता है और धन व समय की बचत होती है। सात दिन के प्रशिक्षण से कई प्रतिभागियों ने अपने अनुभव साझा किए कि योग से उन्हें शारीरिक और मानसिक लाभ मिला है। कार्यक्रम की सफलता में महेंद्र गोस्वामी, मांगन राय, सुधीर दास, गोपाल मंडल, डॉ. नकुल वर्मा, मुकेश चौधरी, सुनील वर्मा, संतोष पांडे, उत्तम वर्मा, बच्चू यादव, अजय राय, मुकेश ठाकुर, सुमन, आयुष, रितिका और रिंकू सहित कई लोगों का सहयोग रहा।

## शिव पुराण कथा वाचक प्रदीप मिश्रा का कार्यक्रम 14 से 20 नवंबर को देवघर में

**देवघर संताल एक्सप्रेस ।** विश्व विख्यात शिव पुराण कथा वाचक श्री प्रदीप मिश्रा जी का कार्यक्रम 14 से 20 नवंबर को विठ्ठल सेवा समिति के सौजन्य से देवघर के हथगढ़ मैदान में आयोजित होगा।इस कार्यक्रम को सफल बनाने में पूर्व कृषि मंत्री रणधीर सिंह ने कार्यक्रम स्थल पे जाकर कार्यक्रम का जायजा लिया।पार्किंग की व्यवस्था पे पदाधिकारियों को दिशा निर्देश भी दिया।इस कार्यक्रम में करीब 7 से 10 लाख लोगों के शामिल होने की संभावना बताई जा रही है।करीब 30 से 40 हजार कथा वाचकों के लिए प्रति दिन खाने के व्यवस्था की जाएगी।करीब 500 वॉलेंटियर व्यवस्था के देख रख में रहेंगे।इसके लिए मैदान का सफाई लगातार किया जा रहा है।व्यवस्था को सफल बनाने में सचिव सूरज झा, आशीष झा डॉ संजय,महेश राय, प्रदीप कुमार झा, नवीन शर्मा,रितेश केसरी ,डॉ राजीव रंजन,ध्रुव शाह,जीत आर्यन ,बिहारी महतो,कार्तिक यादव,गौतम यादव सहित कई गणमान्य सदस्यों की देख रेख में कार्य चल रहा है।

## आसनसोल मंडल का विशेष अभियान के अंतर्गत प्लास्टिक मुक्त छठ पूजा मनाने की अपील



**देवघर संताल एक्सप्रेस ।** विशेष अभियान 5.0 के अंतर्गत पूर्व रेलवे के आसनसोल मंडल ने लोगों से प्लास्टिक मुक्त छठ पूजा मनाने और घाटों व रेलवे परिसर को स्वच्छ एवं पर्यावरण के अनुकूल रखने की अपील की है। श्रद्धालुओं को स्वच्छ वातावरण प्रदान करने के लिए सीतारामपुर, पानागढ़, जसीडीह, देवघर, दुर्गापुर,अंडाल और आसनसोल सहित प्रमुख स्टेशनों और आसपास के घाटों पर व्यापक सफाई अभियान चलाए गए हैं। इन अभियानों में तालाब और पटरियों की सफाई, कचरा निपटान, ब्लीचिंग और स्वच्छता कार्य शामिल थे। यात्रियों और श्रद्धालुओं से आग्रह है कि वे एकल-उपयोग वाले प्लास्टिक का उपयोग न करें, कचरे का जिम्मेदारी से निपटान करें और त्योहार के दौरान स्वच्छता बनाए रखने में सहयोग करें। आसनसोल मंडल त्योहारों के दौरान सभी श्रद्धालुओं और यात्रियों के लिए स्वच्छ, सुरक्षित और सुखद अनुभव सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है।

## दारुल उलूम सिराजुल इस्लाम में हाफ़िज़-ए-क़ुरआन मुकम्मल, दस्तारबंदी जल्द



**मधुपुर ।** शहर के चांदमारी मोहल्ला स्थित दारुल उलूम सिराजुल इस्लाम मदरसा में रविवार को एक रूहानी और हर्षोल्लासपूर्ण कार्यक्रम आयोजित किया गया, जहाँ तीन बच्चों ने सफलतापूर्वक हिफ़्ज़-ए-क़ुरआन (पूरे क़ुरआन को याद करना) मुकम्मल किया। क़ुरआन की तिलावत और बच्चों द्वारा पढ़े गए नाते पाक के साथ शुरू हुए इस कार्यक्रम में, मुफ्ती इरफान अशरफी ने हाफ़िज़-ए-क़ुरआन बनने के महत्व पर रोशनी डालते हुए कहा कि यह उपलब्धि बच्चे और उसके परिवार के लिए दुनिया और आखिरत में कामयाबी का ज़रिया है। तीनों खुशनसीब बच्चों – हाफिज एहसान (खलासी मोहल्ला), अली हुसैन (बसहा सारठ) और मोहम्मद रियाज (पत्थर जोड़ करों) – को उनकी मेहनत और लगन के लिए उपस्थित उलेमा-ए-कराम और अभिभावकों ने फूलों की मालाएं पहनाईं और उन पर गुलपोशी की। इस अवसर पर हजरत मौलाना अजमल नूरी, हजरत मुफ्ती परवेज आलम मिस्बाही, हाफिज कारी जमीरउद्दीन, मदरसा अध्यक्ष अलहाज मौलाना फारूक, सचिव मोहम्मद सरफराज अशरफी समेत बड़ी संख्या में अभिभावक, शिक्षक और छात्र मौजूद रहे। सभी ने हाफ़िज़ बच्चों को बधाई दी और उनके उज्जवल भविष्य की दुआ की।

# छठ पर्व पर पैंथर दस्ते की विशेष गश्त, चप्पे-चप्पे पर रहेगी प्रशासन की पैनी नज़र



**संताल एक्सप्रेस संवाददाता**

**मधुपुर ।** लोक आस्था के महापर्व छठ पूजा को लेकर इस बार मधुपुर का जिला प्रशासन सुरक्षा के अभूतपूर्व इंतज़ाम कर रहा है। व्रतियों और श्रद्धालुओं की सुरक्षा को सर्वोपरि रखते हुए, एसपी सौरभ कुमार के कड़े निर्देश पर पूरे मधुपुर थाना क्षेत्र में एक विशेष पैंथर (बाइक) दस्ता तैनात किया गया है। यह न सिर्फ एक प्रशासनिक कदम है, बल्कि छठ पर्व की पवित्रता और शांति बनाए रखने की प्रशासन की दृढ़ प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

---

### संकरी गलियों तक पहुंचेगी सुरक्षा की दहाड़

इस पैंथर दस्ता की तैनाती की योजना बेहद रणनीतिक है। इसकी सबसे बड़ी खासियत यह है कि यह दस्ता उन भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों और संकरी गलियों में भी आसानी से गश्त कर सकेगा, जहाँ बड़े पुलिस वाहनों का पहुँचना लगभग असंभव होता है। छठ के दौरान घाटों और उससे सटे मोहल्लों में होने वाली भारी भीड़ को देखते हुए, यह पहल सुरक्षा व्यवस्था को ज़मीन स्तर पर और भी अधिक मजबूत करेगी। यह दस्ता न केवल आपराधिक गतिविधियों पर लगाम लगाएगा, बल्कि किसी भी आपात स्थिति में सबसे पहले मौके पर पहुंचकर त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करेगा।

---

इस विशेष सुरक्षा अभियान का विधिवत शुभारंभ रविवार को सुबह 11 बजे मधुपुर थाने से हुआ। सायरन और आधुनिक सुरक्षा उपकरणों से लैस दो-पहिया वाहनों पर सवार यह गश्ती दल क्षेत्र में सुरक्षा का माहौल बनाने के लिए रवाना हुआ। पुलिसकर्मियों को छठ व्रतियों और आम जनता के साथ समन्वय स्थापित करते हुए, सतर्कता के साथ अपनी ड्यूटी निभाने के स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं।

---

### घाटों से लेकर मोहल्लों तक सुरक्षा का घेरा

प्रशासन का कहना है कि पैंथर दस्ते की यह गश्त केवल सड़कों तक सीमित नहीं रहेगी, बल्कि छठ घाटों के आस-पास, बाज़ारों और गली-मोहल्लों में भी निरंतर जारी रहेगी। यह कदम न केवल असामाजिक तत्वों पर नकेल कसेगा, बल्कि चेन स्नेचिंग, छेड़खानी और भीड़भाड़ में होने वाली अन्य घटनाओं पर भी लगाम लगाएगा। स्थानीय लोगों ने जिला प्रशासन के इस सक्रिय और दूरदर्शी कदम की सराहना की है। मधुपुर में अब हर गली-मोहल्ले में पैंथर की दहाड़ सुनाई देगी, जिससे छठ महापर्व शांतिपूर्ण और उल्लासपूर्ण माहौल में संपन्न हो सकेगा। जिला प्रशासन ने सभी नागरिकों से अपील की है कि वे सुरक्षा व्यवस्था में सहयोग करें और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को दें।

## एसडीओ ने छठ घाटों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का लिया जायजा



**संताल एक्सप्रेस संवाददाता**

**देवघर।** डीसी नमन प्रियेश लकड़ा के निर्देशानुसार अनुमंडल पदाधिकारी रवि कुमार ने आज रविवार को डढ़वा, नावाडीह, शिवगंगा, नंदन पहाड़ समेत विभिन्न छठ घाटों का निरीक्षण कर विधि व्यवस्था एवं घाटों पर की गई तैयारियों का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने सभी छठ पूजा समितियों के सदस्यों को निदेशित किया कि वे छठ व्रतियों के लिए साफ-सफाई, पार्किंग व्यवस्था, वोलेंटियर व्यवस्था समेत सभी तैयारियों को समिति स्तर पर दुरुस्त रखें। अनुमंडल पदाधिकारी ने घाटों पर वाहनों के सुचारू आवागमन के लिए बेरिकेटिंग कराने का निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिया। इसके अतिरिक्त उन्होंने समिति के सदस्यों को निर्देशित किया कि लोक आस्था के इस महापर्व को स्वच्छता, हर्षोल्लास और निष्ठा के साथ मनाया जाए तथा इसकी गरिमा बनी रहे। निरीक्षण के क्रम में अनुमंडल पदाधिकारी रवि कुमार ने कहा कि जिला प्रशासन द्वारा छठ घाटों की सफाई, स्वास्थ्य सुविधा, पुलिस बल एवं दंडाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति सुनिश्चित की गई है ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो। साथ ही छठ घाटों पर सुचारू यातायात व्यवस्था और सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। इस दौरान संबंधित विभाग के अधिकारी, पुलिस पदाधिकारी, दंडाधिकारी और छठ समितियों के सदस्य भी मौजूद थे।

## छठ को लेकर सियालदह से जयनगर के लिए चलेगी सामान्य श्रेणी की विशेष ट्रेने



**संताल एक्सप्रेस संवाददाता**

**देवघर ।** छठ पर्व पर अपने गृह नगर जाने वाले यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए पूर्व रेलवे की ओर से एक पूर्णतः अनारक्षित विशेष ट्रेन चलाई जा रही है। यह विशेष ट्रेन संख्या 03179 अप सियालदह-जयनगर रविवार को शाम 6:00 बजे (18:00 बजे) सियालदह से खुलेगी। यह ट्रेन सियालदह-जयनगर गंगासागर एक्सप्रेस के समान मार्ग और ठहराव पर चलेगी। मार्ग में इसके ठहराव स्थान होंगे – बिधाननगर, नैहाटी, बंदेल, बर्द्धमान, दुर्गापुर, रानीगंज, आसनसोल, चित्तरंजन, जामताड़ा, मधुपुर, जसीडीह, झाझा, बरौनी, दलसिंह सराय, समस्तीपुर, हायाघाट, लहेरियासराय, दरभंगा, सकरी जंक्शन, मधुबनी और राजनगर। यह विशेष ट्रेन छठ पर्व के अवसर पर भारी यात्री दबाव को देखते हुए चलाई जा रही है ताकि यात्रियों को अपने गंतव्य तक पहुँचने में सुविधा मिल सके।

## छठ पूजा का दूसरा दिन : डॉ. प्रभात रंजन के यहां धूमधाम से मनाया गया खरना पर्व



**संताल एक्सप्रेस संवाददाता**

**देवघर ।** सूर्य उपासना के महापर्व छठ पूजा का दूसरा दिन श्रद्धा और उत्साह के माहौल में मनाया गया। इस अवसर पर खरना की पूजा को लेकर व्रतियों और श्रद्धालुओं में खासा उत्साह देखा गया। देवघर के प्रख्यात सदर अस्पताल के पूर्व प्रभारी फिजिशियन डॉ. प्रभात रंजन के आवास पर भी खरना पर्व बड़े ही धूमधाम और पारंपरिक रीति-रिवाज के साथ मनाया गया। पूजा के दौरान परिवार के सभी सदस्यों और आसपास के लोगों ने एकत्र होकर भगवान सूर्य और छठी मैया की आराधना की। संध्या समय प्रसाद के रूप में गुड़ की खीर, रोटी और फल का भोग लगाया गया और सभी ने प्रसाद ग्रहण किया। पूरे वातावरण में भक्ति और पवित्रता का भाव व्याप्त रहा। शहर भर में छठ पूजा को लेकर उल्लास का माहौल है, जबकि कल डूबते सूर्य को अर्घ्य देने की तैयारी जोरों पर है।

## माथाबांध छठ पूजा समिति द्वारा घाट पूजन सम्पन्न, श्रद्धा और परंपरा का हुआ संगम



**संताल एक्सप्रेस संवाददाता**

**देवघर ।** रविवार को माथाबांध छठ पूजा समिति के तत्वावधान में पारंपरिक घाट पूजन का आयोजन श्रद्धा और उत्साह के साथ किया गया। माथाबांध क्षेत्र में इस पूजा का विशेष धार्मिक महत्व है, जिसे हर वर्ष अर्घ्य से दो दिन पूर्व संपन्न किया जाता है। इस दौरान भैरव तालाब और घाट की शुद्धि कर छठ महापर्व की तैयारियों की शुरुआत की गई। पूजन में देवघर के प्रसिद्ध पुरोहित आनंद खवाड़े, आशीष झा, गणेश ठाकुर और कन्हैया मिश्र ने विधि-विधान से पूजा संपन्न कराई। यजमान के रूप में छठ पूजा समिति के सक्रिय सदस्य चंद्रप्रकाश साह उर्फ़ चीकू साह एवं उनकी धर्मपत्नी बरखा साह शामिल हुए। कार्यक्रम में समिति के प्रमुख शशिकांत साह, अशोक फलाहारी सहित स्थानीय बुजुर्गों, महिलाओं और बच्चों ने सहयोग देकर श्रद्धा और सामाजिक एकता का संदेश दिया।

## ध्रुव प्रसाद साह ने किया छठ महापर्व के लिए अंतिम तैयारियों का निरीक्षण

**संताल एक्सप्रेस संवाददाता**

**देवघर।** नगर निगम क्षेत्र के विभिन्न वार्डों में शनिवार को भावी महापौर प्रत्याशी ध्रुव प्रसाद साह ने छठ महापर्व को लेकर तैयारियों का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने नगर के प्रमुख छठ घाटों का निरीक्षण कर वहां की सफाई, सुरक्षा, प्रकाश व्यवस्था और बैरिकेडिंग की स्थिति का अवलोकन किया। उनके साथ भारतीय जनता पार्टी के युवा नेता एवं प्रसिद्ध दंत चिकित्सक डॉ. राजीव रंजन भी मौजूद रहे। ध्रुव प्रसाद साह ने कहा कि छठ महापर्व श्रद्धा और आस्था का पर्व है, जिसमें स्वच्छता और सुरक्षा सर्वोपरि है। उन्होंने नगर निगम के अधिकारियों से अपील की कि सभी घाटों पर आने वाले श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो और सभी आवश्यक तैयारियां समय पर पूरी की जाएं। निरीक्षण के दौरान नगर निगम के अधिकारी भी उपस्थित रहे और उन्होंने महापौर प्रत्याशी को आश्वासन दिया कि सभी घाटों की सफाई, प्रकाश और सुरक्षा संबंधित कार्य शीघ्र ही पूर्ण कर लिए जाएंगे।

महापौर प्रत्याशी ने बताया कि नगर के सभी घाटों पर तैयारियां अंतिम चरण में हैं और देवघरवासी तन, मन और धन से मां छठ की आराधना में लगे हुए हैं। दौरे के दौरान बड़ी संख्या में स्थानीय लोग भी उपस्थित रहे और उन्होंने अपने क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं से महापौर प्रत्याशी को अवगत कराया। इस पर ध्रुव प्रसाद साह ने कहा कि नगर की जनता की समस्याओं का समाधान उनकी प्राथमिकता है और इसके लिए वे हर संभव प्रयास

## छठ पर्व की तैयारियों का जिला परिषद सदस्य ने लिया जायज



**संताल एक्सप्रेस संवाददाता**

**मधुपुर ।** लोक आस्था के महापर्व छठ को लेकर शहरी क्षेत्र समेत मधुपुर प्रखंड में तैयारियां जोरों पर हैं। इसी क्रम में देवघर जिला परिषद क्षेत्र संख्या 14 के सदस्य फारूख अंसारी ने रविवार को दलहा पंचायत स्थित बुकालिया नदी घाट का निरीक्षण किया। उन्होंने घाट पर चल रहे अस्थायी निर्माण कार्य, सफाई व्यवस्था, प्रकाश एवं विद्युत साज-सज्जा सहित अन्य तैयारी कार्यों का बारीकी से जायजा लिया।निरीक्षण के दौरान श्री अंसारी ने संबंधित अधिकारियों और कार्यकर्ताओं को निर्देश दिया कि सभी कार्यों को समय सीमा के भीतर और गुणवत्तापूर्ण तरीके से पूरा किया जाए, ताकि श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। उन्होंने कहा कि छठ पर्व लोक आस्था, शुद्धता और सामाजिक एकता का प्रतीक है, इसलिए घाटों की स्वच्छता, प्रकाश व्यवस्था और सुरक्षा पर विशेष ध्यान देना आवश्यक है।फारूक अंसारी ने यह भी कहा कि हर वर्ष की तरह इस बार भी सभी छठ घाटों पर बेहतर व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने स्थानीय लोगों से सहयोग की अपील करते हुए कहा कि प्रशासन और जनप्रतिनिधियों के संयुक्त प्रयास से इस बार का छठ पर्व और अधिक सुरक्षित, स्वच्छ और भव्य रूप में मनाया जाएगा।निरीक्षण के दौरान उपस्थित ग्रामीणों ने फारूक अंसारी के प्रयासों की सराहना की और कहा कि उनके नेतृत्व में हर वर्ष घाटों पर उत्कृष्ट व्यवस्था देखने को मिलती है। ग्रामीणों ने क्षेत्र के विकास कार्यों और जनसुविधा के प्रति उनकी प्रतिबद्धता की प्रशंसा करते हुए धन्यवाद दिया।

# छठ पर्व पर जिला प्रशासन अलर्ट, सभी घाटों पर तैनात रहेंगे एम्बुलेंस और मेडिकल टीम

**संताल एक्सप्रेस संवाददाता**

**देवघर।** छठ महापर्व 2025 के अवसर पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ और सुचारू यातायात व्यवस्था सुनिश्चित करने के उद्देश्य से देवघर जिला प्रशासन ने 27 और 28 अक्टूबर को विशेष मार्गनिर्धारण तथा पार्किंग व्यवस्था लागू की है। प्रशासन ने विभिन्न मार्गों पर वाहनों की आवाजाही को नियंत्रित करते हुए कई वैकल्पिक रूट तय किए हैं ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो। जसीडीह से देवघर आने वाले सभी वाहन, डाला पूजन सामग्री वाले वाहनों को छोड़कर, रोहिनी शहीद द्वार से दाएँ होकर रोहिनी बाजार, कोरियासा मार्ग से देवघर पहुंचेंगे। वहीं डढ़वा नदी छठ घाट की ओर केवल पूजन सामग्री लाने वाले वाहन ही जा सकेंगे, जिनके लिए पार्किंग स्थल चाँदपुर दुर्गा मंदिर के सामने खाली मैदान और रॉयल इनफिल्ड (सत्संग कैंपस के सामने) निर्धारित किया गया है। देवघर से जसीडीह की ओर जाने वाले वाहन (पूजन सामग्री वाले वाहनों को छोड़कर) सत्संग चौक से दाएँ मुड़कर डीडीसी आवास, बेलाबगान, सिंधवा-कुमैठा होकर ताभाघाट, जसीडीह पहुंचेंगे। वहीं डढ़वा नदी घाट की ओर जाने वाले पूजन सामग्री वाहन के लिए पार्किंग पूर्ववत स्थानों पर उपलब्ध रहेगी। भुरभुरा से शिवगंगा आने वाले वाहनों का प्रवेश सीता होटल के बाद प्रतिबंधित रहेगा। पूजन सामग्री लाने वाले वाहन सीता होटल के सामने मलिक रोड के खाली स्थल में पार्किंग करेंगे। बीएन झा पथ, दर्शनिया, हदहदिया पुल और तिवारी चौक से शिवगंगा आने वाले वाहनों का प्रवेश शिवराम झा चौक के बाद वर्जित रहेगा। इन वाहनों की पार्किंग नेहरू पार्क के खाली मैदान में की जाएगी।




बिलासी और झौंसागढ़ी से शिवगंगा आने वाले वाहन लक्ष्मीपुर चौक के बाद रोड किनारे व्यवस्थित ढंग से पार्क करेंगे। पटेल चौक और जलसार से शिवगंगा की ओर जाने वाले वाहनों (पूजन सामग्री को छोड़कर) का प्रवेश जलसार मोड़ के बाद प्रतिबंधित रहेगा। पूजन सामग्री वाले वाहन भारती होटल से जोड़ा तालाब मार्ग से होकर जोड़ा तालाब के बगल स्थित खाली स्थान में पार्क करेंगे। नंदन पहाड़ क्षेत्र में वन-वे व्यवस्था लागू की गई है। वाहन बेलाबगान की ओर से सीधे नंदन पहाड़ चौक, शिल्पग्राम होते हुए छठ घाट तक जाएंगे और वापसी शिल्पग्राम से पहले वाले मोड़ से होगी। चौधरीडीह से अजय नदी व नावाडीह की ओर भारी वाहनों का प्रवेश निषिद्ध रहेगा। एम्स की ओर से आने वाले सवारी और चारपहिया वाहन कोखारा मोड़ से कोयरीडीह, घोरलास, रायडीह, रोहिनी बाजार, डढ़वा नदी, रोहिनी टोल टैक्स, कोरियासा मार्ग से देवघर पहुंचेंगे। देवघर से एम्स की दिशा में जाने वाले वाहनों का परिचालन सामान्य रहेगा। अजय नदी घाट में रुकने वाले वाहनों के लिए पार्किंग नवनिर्मित नावाडीह बस्ती बायपास रोड और पूजा समिति द्वारा चिन्हित खाली स्थलों पर की जाएगी। नौलखा तालाब आने वाले श्रद्धालुओं के लिए पार्किंग नौलखा तालाब के समीप खाली मैदान में निर्धारित की गई है। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि इस मार्ग पर सड़क पर किसी भी वाहन को पार्क करने की अनुमति नहीं होगी। सारवा मोड़ से एयरपोर्ट जाने वाले सभी वाहनों का आवागमन पूर्ववत जारी रहेगा। प्रशासन ने अपील की है कि सभी श्रद्धालु एवं वाहन चालक निर्धारित रूट और पार्किंग नियमों का पालन करें ताकि छठ महापर्व के दौरान देवघर में शांति और व्यवस्था बनी रहे।

# साहिबगंज में छठ पूजा पर सजा बाजार, महिलाओं ने की जमकर खरीदारी





**संताल एक्सप्रेस संवाददाता**

साहिबगंज- नेम निष्ठा का महापर्व छठ पूजा को लेकर साहिबगंज के बाजारो व साप्ताहिक हाट में रौनक बढ़ गई है. छठ पर्व के लिए लोग पूरी उत्साह के साथ पूजन सामग्री की खरीदारी करने में जुटे हैं.गुरूवार को सुबह से ही साहिबगंज नगर के चौक बाजार,गांधी चौक, स्वामी विवेकानंद चौक, पटेल चौक, स्टेशन चौक, कॉलेज रोड, चैती दुर्गा, पूर्वी रेलवे फाटक, पुलिस लाइन, जिरवाबाड़ी सहित साप्ताहिक हाट में खरीदारी करने के लिए लोगो की चहल-पहल देखने को मिली. महिलाएं परिवार के साथ कपड़ा, चूड़ी, फल-सब्जी और पूजन सामग्री की खरीदारी में जुटी थी.वही पुरूष फल, पूजन सामग्री, नारियल,सुप,गन्ना,गुड़ सहित अन्य सामग्री की जमकर खरीदारी की.शहर के चौक बाजार में महिलाओं की भीड़ दिन भर उमड़ी रही.कपड़ों की दुकानों पर महिलाएं नई साड़ियां, चुनरी और पारंपरिक परिधानों की खरीदारी

करती नजर आईं. इसी के साथ चूड़ी और श्रृंगार की दुकानों पर भी महिलाओं की भीड़ उमड़ी रही. छठ पर्व पर खासतौर पर लाल, पीले और नारंगी रंग की चूड़ियों की बिक्री अधिक हो रही है. वहीं दूसरी फल की दुकानों पर भी खरीदारी करने के लिए ग्राहकों का भीड़ लगा रहा. फल व्यवसाई राजू साह,मनोज साह व मो ताज ने बताया कि पूजा में कई तरह के फलों की खरीदारी लोग कर रहे है.उन्होंने बताया कि बाजारो में सभी प्रकार का फल उचित मूल्य पर उपलब्ध है. महिलाओ ने की गंगा स्नान साहिबगंज -नेम निष्ठा का महापर्व छठ के दुसरे दिन खरना के दिन सुबह से ही गंगा स्नान करने के लिए स्थानीय शंकुतला सहाय गंगा घाट,बिजली घाट, कबुतर खोपी गंगा घाट व चानन गंगा घाट पर महिलाओं की भीड़ उमड़ पड़ी थी.महिलाओ ने गंगा स्नान कर मां गंगा की पूजा अर्चना की.वही खरना का प्रसाद तैयार करने के लिए लोग कलसी,हांडी व गैलन में गंगा जल भर कर ले गये.

## सांसद विजय हांसदा ने किया छठ घाटों का निरीक्षण



संताल एक्सप्रेस संवाददाता साहिबगंज -छठ महापर्व की तैयारियों को लेकर रविवार को राजमहल सांसद विजय कुमार हांसदा ने राजमहल शहर के विभिन्न छठ घाटों का निरीक्षण किया. इस दौरान उन्होंने घाटों की साफ-सफाई, सुरक्षा व्यवस्था, प्रकाश व्यवस्था एवं आवागमन की सुविधा का जायजा लिया.निरीक्षण के दौरान सांसद ने संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि छठ पूजा समितियों से समन्वय स्थापित कर छठव्रतियों के लिए समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए ताकि व्रतियों एवं श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो. उन्होंने कहा कि छठ घाटों पर स्वच्छता, सुरक्षा और प्रकाश की पर्याप्त व्यवस्था प्रशासन की प्राथमिकता होनी चाहिए.सांसद ने कहा कि छठ महापर्व आस्था और अनुशासन का प्रतीक है. अतः सभी विभाग मिलकर यह सुनिश्चित करें कि श्रद्धालु श्रद्धा और सुरक्षा के साथ पर्व का निर्वाह कर सकें.मौके पर सांसद प्रतिनिधि संजीव सामु हेंब्रम, राजमहल विधायक प्रतिनिधि मो. मारूफ शेख उर्फ गुड्डु, अनुमंडल पदाधिकारी सदानंद महतो, अंचल अधिकारी मो. यूसुफ, एसडीपीओ विमलेश त्रिपाठी, अनुमंडलीय अस्पताल के प्रभारी डॉ. उदय टुडू, नगर परिषद प्रशासक दानिश हुसैन, थाना प्रभारी हसनैन अंसारी, प्रखंड अध्यक्ष अनिसुर रहमान, नगर अध्यक्ष मो. आजाद, नगर सचिव स्मित चौरसिया सहित कई जनप्रतिनिधि एवं सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित थे.

## बरहेट के बड़ा तालाब से वृद्ध का शव बरामद

संताल एक्सप्रेस संवाददाता बरहेट - बरहेट थाना पुलिस ने रविवार को बरहेट बाजार स्थित बड़ा तालाब के महा दानव मंदिर के समीप से 65 वर्षीय वृद्ध का शव बरामद किया है. शव की पहचान बरहेट बाजार निवासी 65 वर्षीय सुनील गुप्ता के रूप में परिवार वालों ने की. ग्रामीण से बड़ा तालाब में शव होने की सूचना मिलने के बाद पुलिस घटना स्थल पहुंच. इधर घटना की सूचना जंगल में आग की तरह फैल गई और लोगों की भीड़ शव को देखने घटनास्थल पर जुटने लगी. थाना पुलिस शव को बरामद कर लिया और पोस्टमार्टम के लिए साहिबगंज भेजने तथा आगे की आवश्यक कार्रवाई व पड़ताल में जुट गई है. समाचार भेजे जाने तक वृद्ध तालाब में कैसे पहुंचा अथवा डूबने की घटना कैसे घटित हुई. इसकी जानकारी नहीं हो सकी थी.

## बिजली घाट पर नप ने बनाया महिलाओं के लिए अस्थाई चेंजिंग रूम



संताल एक्सप्रेस संवाददाता साहिबगंज -नेम निष्ठा का महापर्व छठ को लेकर नगर परिषद के द्वारा स्थानीय बिजली घाट में महिलाओं को कपड़ा बदलने के लिए अस्थाई चेंजिंग रूम बनाया गया है. ताकि छठ करने वाली महिलाओं को कपड़ा बदलने के लिए किसी भी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े. इस संबंध में नगर परिषद के प्रशासक अभिषेक कुमार सिंह ने बताया कि महिलाओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए गंगा घाट पर अस्थाई कपड़ा चेंजिंग रूम बनाया गया है.

## केशाफुली में बंद पड़े अवैध कोयला खदान से पुलिस ने जीतेंद्र मुंडा का शव व स्कूटी किया बरामद, चार गिरफ्तार



**संताल एक्सप्रेस संवाददाता**

बरहेट थाना पुलिस एवं जिरवाबाड़ी थाना पुलिस ने संयुक्त रुप से रविवार के देर अपराह्न बरहेट थाना क्षेत्र के केशाफूली के बंद पडे अवैध कोयला खदान से जिरवाबाड़ी थाना क्षेत्र निवासी 25 वर्षीय जितेन्द्र मुंडा का शव बरामद किया है.घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार बरहेट थाना पुलिस को केशाफूली गांव के समीप कोयला के बंद पड़े अवैध खदान में एक शव होने की सूचना मिली थी.

जिसके बाद पुलिस घटनास्थल पर पहुंची तो शव की पहचान की गई. वहीं घटनास्थल से पुलिस ने एक स्कूटी जेएच 18 जे 4080 भी बरामद किया है.शव और स्कूटी खदान से उठाया गया. इस मामले में बरहेट थाना पुलिस ने गांव के चार लोगों को गिरफ्तार किया है.घटना के संबंध में बताया जाता है कि मृतक अपने प्रमिका से मिलने अपने एक साथी के स्कूटी से 16 अक्टूबर को देर शाम गांव पहुंचा था. जहां उसी दिन जितेंद्र मुंडा की लाठी डंडे से मारकर हत्या कर दी गई और देर रात शव को प्लास्टिक में लपेटकर उसे तथा स्कूटी को बंद कोयला खदान केशा फुली में फेंक दिया गया था.

इस हत्या मामले में पुलिस ने मुद्दे गांव के प्रेमिका के पति शिवराम मुर्मू के अलावा बाबुधन हेम्ब्रम , सुनील हांसदा एवं भून्डो हांसदा को गिरफ्तार किया है. मामले में पुलिस चारो से पुछताछ कर रही है.

## छठ पूजा समिति ने कराया 300 मीटर लम्बा पंडाल का निर्माण

संताल एक्सप्रेस संवाददाता साहिबगंज- छठ महापर्व को लेकर घाट लाइन के युवाओं ने पक्षियों की बीट से बचाव के लिए स्टेशन चौक से लेकर घाट लाइन तक 300 मीटर के लंबा पंडाल का निर्माण कराया गया है.ताकि छठ का डाला ले जाने व छठव्रतियों के पर पेड़ो पर रहने वाले विदेशी बीट ना कर दे. वही छठ पूजा समिति के युवाओं द्वारा किये गये कार्य पर लोगो ने छठ पूजा समिति के युवाओं का आभार जताया है.इस कार्य में छठ पूजा समिति में शंभू राम, शंकर राम, छोटू यादव, बड़े यादव, दीपक ठाकुर, केपी राम, प्रकाश सिंह, मुकेश कुमार, विकास कुमार, विनोद कुमार, संजय कुमार ,जगदीश कुमार सहित दर्जनों युवक लगे है.

## नहीं मिला बेड,मजबूरी में स्ट्रेचर पर कराया इलाज



संताल एक्सप्रेस संवाददाता साहिबगंज - साहिबगंज सदर अस्पताल में रविवार को बेड नही मिलने पर महिला मरीज के परिजनों ने स्ट्रेचर पर ही मरीज का इलाज कराया.महिला मरीज बरहेट प्रखंड के लोहरा गांव निवासी बदन मुर्मू की 29 वर्षीय पत्नी सिंगा मरांडी है.इस संबंध मे महिला मरीज के पति बदन मुर्मू ने बताया कि मेरी पत्नी को पहले डायरिया हुआ था.ठीक हो जाने के बाद शनिवार से फिर उनका तबियत खराब हो गया है.इलाज के लिए पत्नी को सदर अस्पताल लाए तो बेड कही खाली नही मिला.मजबूरी में क्या करते स्ट्रेचर पर ही स्लाइन चढ़वा रहे है.उन्होने कहा कि इमरजेंसी में अतिरिक्त बेड की व्यवस्था अस्पताल प्रशासन को रखनी चाहिए.

## महिला ने लगाया दुष्कर्म का प्रयास का आरोप,केस दर्ज

संताल एक्सप्रेस उधवा - राधानगर थाना क्षेत्र के एक गांव की महिला ने कथित रूप से गांव के ही एक व्यक्ति पर देर रात घर में घुसकर दुष्कर्म करने के प्रयास का आरोप लगाया है. इस संबंध में पीड़िता महिला ने थाना में लिखित शिकायत दर्ज कराई है. पुलिस ने इस मामले में आरोपी के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज की है. पुलिस के अनुसार पीड़िता महिला ने अपने आवेदन में बताया था कि बीते 9 अक्टूबर रात्रि लगभग 11 बजे जब वह अपने घर में सोई हुई थी. उसी दौरान गांव के लक्खी राम मंडल अनाधिकृत रूप से उसके घर की चारदीवारी फांदकर अंदर घुस आया था. जहां आरोपी ने चाकू का भय दिखाकर उसके साथ छेड़छाड़ की और जबरदस्ती दुष्कर्म करने का प्रयास किया था. जब उसने शोर मचाया तो आरोपी छत से कूदकर भाग निकला. जिससे वह घायल भी हो गया था. जाते-जाते उसने महिला को धमकी दी कि यदि उसने किसी को इस घटना की जानकारी दी तो वह उसके पूरे परिवार की हत्या कर देगा. पीड़िता का यह भी आरोप है कि आरोपी पहले भी उसके साथ इसी प्रकार की हरकत कर चुका है. उस समय गांव में पंचायती कर मामले का निपटारा किया गया था और 51 हजार रुपए का बंध पत्र भी लिखाया गया था. बावजूद इसके बाद भी आरोपी ने पुनः गलत हरकत को अंजाम देने की कोशिश की. वही पुलिस ने पीड़िता के बयान पर आरोपी के खिलाफ कांड संख्या 442/25 दर्ज किया है.

## छठ पर्व के लिए शोभनपुर, शंकुतला सहाय,बिजली घाट, कबुतर खोपी व चानन घाट मे उमड़ेगी भीड़

### ओझा टोली को प्रशासन ने किया असुरक्षित घोषित, तैनात रहेगी पुलिस










**संताल एक्सप्रेस संवाददाता**

